तापमान

अधिकतम 30.6 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026



12 रिसाली निगम का पहला सफाई टेंडर फेल...





13 अमलेश्वर में अवैध कब्जों का बढ़ रहा जाल...








प्रवेश प्रारंभ
श्रेयस (प्रा.) I.T.I.
Affiliated By : NCVT & DGET)
New Delhi (Govt. of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राइवेट, ओपन, पत्राचार, नियमित)
अनुभवी प्रशिक्षक
पता: ग्राम व पोस्ट ढौर (जामुल), जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9479207995, 9993776717, 9755112637


# सीआईएसएफ ने की 15 गाड़ी ब्लैकलिस्ट, एक पर भी एफआईआर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट में 3.22 करोड़ रुपए के 250 टन लोहे के स्क्रैप चोरी के मामले में सीआईएसएफ की भूमिका पर संदेह बढ़ता जा रहा है। दुर्ग पुलिस के अधिकारी भी उनकी कार्यशैली को लेकर सवाल खड़ा कर रहे हैं। हाल ही में सीआईएसएफ ने बीएसपी से लोहा चोरी करने के मामले में पकड़ी गई करीब 15 ट्रक व हाइवा को ब्लैक लिस्ट किया है। दुर्ग पुलिस का कहना है कि जब सीआईएसएफ ने उन गाड़ियों को लोहा चोरी के आरोप में पकड़कर ब्लैकलिस्ट किया है तो फिर उनके खिलाफ थाने में एफआईआर क्यों नहीं दर्ज करा रही है। एफआईआर दर्ज होगी तो पुलिस आगे की कार्रवाई करके गाड़ियों के मालिकों से पूछताछ कर सकेगी और उससे बड़ा खुलासा भी हो सकता है।

आपको बता दें कि हाल ही में भिलाई स्टील प्लांट के अंदर सालों से स्लैग की आड़ में करोड़ों का लोहा चोरी के खेल का भंडाफोड़ हुआ।पीएमओ में शिकायत के बाद दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल की टीम ने इस मामले में 3.22 करोड़ रुपए का चोरी का 250 टन स्क्रैप जब्त किया साथ ही साथ मुख्य सरगना संजय सिंह और आकाश सिंह सहित 13 लोगों को हिरासत में लिया गया था। इस कार्रवाई के दौरान शक की सुई बीएसपी और सीआईएसएफ पर भी घूमी। पुलिस इसकी जांच कर ही रही है कि कुछ दिन पहले सीआईएसएफ ने बोरिया गेट के पास सेंट्रल स्टोर है वहां दीवार में 18 ट्रकों के फोटो नंबर चस्पा कर उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया, जिससे उनका प्लांट में प्रवेश बंद हो गया। अब दुर्ग पुलिस का कहना है कि जब स्क्रैप चोरी के मामले में 18 ट्रक ब्लैकलिस्ट हुए तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं कराई गई।

### इन गाड़ियों को किया गया ब्लैकलिस्ट

CG 04 JE 0817
CG 07 CC 3961
CG 07 CB 1023
CG 04 JA 7921
CG 07 CB 0944
CG 04 JA 2750
CG 07 BH 6488
CG 07 ZC 4564
CG 07 BL 7746
CG 04 JA 9840
CG 07 BM 7708
CG 07 BM 2409
CG 07 BL 7751
CG 07 BL 7749
CG 07 BG 9605

## भिलाई स्टील प्लांट में करोड़ों का स्क्रैप चोरी का मामला



### सीआईएसएफ ने कहा होती है एफआईआर

सीआईएसएफ के एक अधिकारी से जब इस मामले में बात की गई तो उन्होंने कहा कि जिन 18 गाड़ियों को उन्होंने ब्लैकलिस्ट किया है वो चोरी के प्रयास या गाड़ियों में चोरी के लिए कैविटी बनाकर रखने जैसे अन्य मामलों को लेकर जांच में दोषी मिली हैं। यदि कोई भी गाड़ी बीएसपी का सामान चोरी कर ले जाते पकड़ी जाती है तो उसने पकड़कर पुलिस को दिया जाता है और बकायदा एफआईआर दर्ज कराई जाती है।

### बीएसपी लोहा चोरी : अशासकीय संकल्प लाने की तैयारी



भिलाई. भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्षों से चल रहे कथित लोहा चोरी के संगठित काले कारोबार के खिलाफ वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अपनी मुहिम को अब छत्तीसगढ़ विधानसभा तक पहुंचा दिया है। विधायक सेन ने इस मामले में विधानसभा के नियम 117 के तहत अशासकीय संकल्प की सूचना विधानसभा सचिव को भेजते हुए केंद्र सरकार से पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। विधानसभा सचिवालय को भेजे गए इस अशासकीय संकल्प में विधायक रिकेश सेन ने कहा है कि भारत सरकार के उपक्रम सेल के अंतर्गत आने वाले भिलाई इस्पात संयंत्र में पिछले कई वर्षों से बड़े पैमाने पर कथित लोहा चोरी, वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक गड़बड़ियों की निष्पक्ष एवं व्यापक जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराई जानी चाहिए, ताकि राष्ट्रीय संपत्ति को हुए नुकसान का वास्तविक आंकलन हो सके और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## खबर संक्षेप



### तीन चोरी के मामले में पांच पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** तीन अलग-अलग चोरी मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना उतई थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर 26 और 27 जून के बीच ग्राम पुरई में तीन अलग-अलग जगहों पर मोटर पंप, केबल वायर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले सभी शिवपारा वार्ड 17 निवासी चेतन लाल ओझा, शंकर साहू , सन्नी राजपूत , कृष राजपूत, दुष्यंत साहू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से फ्लो कंपनी का सबमर्सिबल मोटर पंप, एक लुबी कंपनी का सबमर्सिबल मोटर पंप, केबल वायर, साथ ही एक 1.5 एचपी डीप बोर मोटर पंप और केबल वायर शामिल हैं। पहली घटना शिवपारा वार्ड 18, दूसरी मदन ईंट भट्ठी के पीछे स्थित खेत और तीसरी वारदात उतई मेन रोड पर स्थित एक पोल्ट्री फार्म में हुई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया है।

### शराब पीने रुपए नहीं देने पर धमकी, गिरफ्तार



**भिलाई।** रास्ता रोककर शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि तेलगु मोहल्ला निवासी डी. अजय ने रास्ता रोककर शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने वाले को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी डी. अजय को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

### पदोन्नत अधिकारियों को मिले पदोन्नित आदेश

**भिलाई।** बीएसपी में ई-5 और ई-6 के ग्रेड में पदोन्नत 110 अधिकारी व ई-6 से ई-7 पद पर प्रमोट 27 अफसरों को संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने पदोन्नति आदेश वितरित किया। ई-6 से ई-7 पद पर 27 अधिकारियों को पदोन्नत अधिकारियों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के 3 अधिकारी शामिल हैं। श्री महापात्रा ने कहा कि सेल में स्वयं की उन्नति के बहुत अवसर मिलते है यही मोटिवेशन आपके निष्पादन में परिवर्तित होने से कंपनी को इसका लाभ मिलेगा।

## परेशान मजदूरों ने दस्तावेजों के साथ पुलिस में की ठेकेदार और सुपरवाइजर की शिकायत

# बीएसपी ठेकेदार मजदूरों की मेहनत में डाल रहे डाका, हर महीने 3 से 6 हजार की अवैध वसूली

सुवांकर रॉय ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में अभी लोहे के स्क्रैप चोरी का मामला ठंडा भी नहीं हुआ है कि वहां काम कर रहे हजारों ठेका मजदूरों की मेहनत की कमाई में ठेकेदारों द्वारा डाका डालने का मामला सामने आया है। बीएसपी के नियम के मुताबिक ठेकेदार मजदूर के खाते में निर्धारित पेमेंट तो डालता है, लेकिन उसके तुरंत बाद उसके एजेंट उसी मजदूर से 3 से 6 हजार रुपए कमीशन के तौर पर ले ले रहे हैं। ये लोग इतने निडर हैं कि कमीशन का पैसा बकायदा अपने अकाउंट में ऑनलाइन ले लेते हैं।


हरिभूमि के रिपोर्टर को जब इसकी शिकायत मिली तो उसने पूरी सच्चाई की पड़ताल की। कई मजदूरों से भी बात की। इसमें पता चला कि जीआर इंटरप्राईजेस के ठेकेदार त्रिलोकी सिंह द्वारा गरीब मजदूरों को काम पर रखने का हर महीने कमीशन लिया जाता है। मजदूरों ने आरोप लगाया कि हर महीने वेतन आते ही उनके खाते कमीशन के तौर पर तीन से 6 हजार रुपए तक रकम वापस ले ली जाती है। यह रकम सुपरवाईजर जयदीप कुमार के खाते में ऑनलाइन ली जाती है। इतना ही नहीं मजदूरों को धमकी दी जाती है कि यदि कोई इस कमीशनखोरी के खिलाफ आवाज उठाएगा तो उसका गेट पास रद्द कर उसे काम से बाहर कर दिया जाएगा। डर और नौकरी जाने के डर से मजदूर आवाज नहीं उठा रहे थे, लेकिन कुछ मजदूर एकजुट होकर अब आवाज उठाने को तैयार हैं और इसकी शिकायत पुलिस में जाकर की गई है।

## आवाज उठाने पर दी जाती है काम से निकालने की धमकी




### ठेकेदार और सुपरवाइजर पर कार्रवाई की मांग

पीड़ित मजदूरों ने एसएसपी विजय अग्रवाल और भट्ठी थाना में लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में मजदूरों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार त्रिलोकी सिंह जीआर इंटरप्राइजेस के अधीन कार्यरत हैं और पिछले करीब डेढ़ साल से हर महीने वेतन मिलने के बाद उनसे दबाव बनाकर 3 हजार से 6 हजार रुपए तक वापस लिए जा रहे हैं। यदि कोई कर्मचारी पैसे देने से मना करता है तो उसे काम से निकालने की धमकी दी जाती है। सुपरवाइजर जयदीप कुमार मोबाइल में मैसेज भेजकर पैसा देने के लिए दबाव बनाता है। मजदूरों ने पुलिस को कथित वसूली से जुड़े मैसेज और स्क्रीनशॉट के साक्ष्य सौंपे हैं।




### यह श्रमिकों का आर्थिक शोषण है

वेतन मिलने के बाद मजदूरों से किसी भी तरह की राशि वापस लेना गैर कानूनी है। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही हैं तो यह श्रमिकों का आर्थिक शोषण है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की मेहनत की कमाई उनसे वापस लेना श्रम कानूनों की भावना के खिलाफ है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**-चन्ना केशवलू,** महामंत्री, भिलाई इस्पात मजदूर संघ

### प्राप्त हुई है शिकायत जांच जारी

मजदूरों की लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत के आधार पर सभी संबंधित मजदूरों के बयान दर्ज किए जाएंगे। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**-सत्य प्रकाश तिवारी,** सीएसपी, भिलाई नगर

### कंपनी पार्टनर ने झाड़ा पल्ला

यह सुपरवाइजर और मजदूरों के बीच का मामला है। इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं है। पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद ही वे कोई विस्तृत प्रतिक्रिया दे पाएंगे।

**-राजेश अग्रवाल,** पार्टनर, जीआर इंटरप्राईजेस

# रिटायर्ड सीई भागीरथ गए जेल, एसी, टाइल्स और जेवरात के बिल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



भिलाई मुख्य अभियंता के पद से रिटायर हुए भागीरथ वर्मा को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिमांड अवधि खत्म होने के बाद मंगलवार को आरोपी इंजीनियर को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में दिया गया है। इस कार्रवाई के साथ ही एसीबी ने पूर्व के भ्रष्टाचार के मामलों और रिश्वत के लेन-देन से जुड़े कई चौंकाने वाले सबूत भी जब्त किए हैं। एसीबी ने न्यायालय को बताया कि भागीरथ वर्मा ने नगरीय प्रशासन विभाग में सेवा के दौरान कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया और टेंडर सेटिंग व अन्य नियम के विरुद्ध काम करते हुए ठेकेदारों से अनुचित लाभ और भारी रिश्वत लिया है।

### अगला कदम : कई बैंक खाते होंगे सीज

एसीबी अब इस मामले में शामिल सभी संदिग्ध कड़ियों को खंगाल रही है। जिन-जिन खातों में ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन पैसे भेजे गए थे, उन सभी बैंक अकाउंट्स को फ्रीज (सीज) करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही भिलाई निगम के पूर्व इंजीनियर दीपक जोशी को भी पूछताछ के लिए तलब किया गया है, जिससे इस भ्रष्टाचार के सिंडिकेट में कई और बड़े नामों के खुलासे होने की उम्मीद है।

### ताजा कार्रवाई और जांच में हुए अहम खुलासे

- **अवैध संपत्तियों के दस्तावेज जब्त:** रिमांड के दौरान हुई कड़ी पूछताछ के बाद एसीबी ने आरोपी भागीरथ वर्मा की रायपुर, दुर्ग और उज्जैन जैसी जगहों पर स्थित कई बेनामी व आलीशान संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए हैं।
- **एसी, टाइल्स और जेवरों की रिश्वत :** जांच में पता चला है कि ठेकेदार ने दुर्ग की विभिन्न दुकानों से एसी, महंगी टाइल्स और सोने-चांदी के जेवर खरीदकर सीधे इंजीनियर भागीरथ वर्मा को दिए थे। पुलिस टीम ने इन सभी दुकानों पर दबिश देकर खरीद से संबंधित बिल जब्त कर लिए हैं, जो कोर्ट में मजबूत सबूत बनेंगे।
- **इंजीनियर और ठेकेदार का आमना-सामना :** जेल भेजने से ठीक पहले पुलिस ने ठेकेदार और रिटायर्ड चीफ इंजीनियर को आमने-सामने बिठाकर क्रॉस-क्वेश्चनिंग (सवाल-जवाब) कराया। ठेकेदार के अधिवक्ता सौरभ चौबे के मुताबिक, इस पूछताछ में कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं।
- **पूर्व मंत्री के स्टाफ और करीबियों के खातों में ट्रांजेक्शन :** पूछताछ में यह बड़ा खुलासा हुआ है कि इंजीनियर भागीरथ वर्मा के कहने पर ठेकेदार ने पूर्व मंत्री के पीए (PA) और ओएसडी (OSD) के खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर किए थे। इसके अलावा कई अन्य अधिकारियों और रिश्तेदारों के खातों में भी ऑनलाइन पेमेंट और ट्रांजेक्शन किए गए थे।

# ठगी के दो आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



ऑनलाइन ठगी करने वाले दो युवकों को दुर्ग पुलिस गुजरात से गिरफ्तार कर लाई है। सेक्टर 5 निवासी संजय झा के मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप से मैसेज आया था। जो एपीके फाइल थी उसे वाटसअप में भेजा करते थे। उक्त फाइल को डाउनलोड एवं इंस्टॉल करने के बाद मोबाइल पर मिलने वाले ओटीपी और अन्य संदेश स्वतः अन्य नंबर पर फॉरवर्ड होने लगा। इसके कारण पीड़ित के बैंक खाते से 4 लाख 2 हजार 728 रुपए अनधिकृत ऑनलाइन पार हो गया। विवेचना के दौरान साइबर सेल के तकनीकी सहयोग से बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डिजिटल ट्रांजेक्शन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का जांच किया गया। तब आरोपियों का लोकेशन गुजरात राज्य होना पता चला। भिलाई नगर पुलिस मौके पर पहुंची और गुजरात से सिलवासा, दादरा एवं नगर हवेली निवासी अच्छे लाल यादव, जोखन प्रसाद यादव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को ट्रांजिट प्रक्रिया पूर्ण कर दुर्ग लाया गया।

# लौहा चोरी मामले में युवाओं का विशाल मशाल मार्च

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) में सामने आए कथित 250 टन लौह चोरी प्रकरण को लेकर बुधवार को युवाओं ने मशाल रैली निकालकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। अर्जुन रथ से शुरू हुई रैली सिविक सेंटर होते हुए बेरोजगार चौक पहुंची, जहां दुर्ग पुलिस के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली का नेतृत्व प्रशम दत्ता ने किया।




ज्ञापन में मांग की गई कि मामले में शामिल सभी आरोपियों, हिस्ट्रीशीटरों, बिचौलियों तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ निष्पक्ष एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह केवल चोरी का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संपत्ति को हुए बड़े आर्थिक नुकसान से जुड़ा गंभीर प्रकरण है, इसलिए किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति को कानून से ऊपर नहीं माना जाना चाहिए।

रैली को संबोधित करते हुए प्रशम दत्ता ने कहा कि भिलाई स्टील प्लांट का लोहा विश्वभर में जाता है, ऐसे प्रतिष्ठित संयंत्र में 250 टन लौह चोरी का मामला सामने आना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामले का खुलासा किया है, लेकिन अब पूरे नेटवर्क और इसके सरगनाओं का भी पर्दाफाश होना चाहिए। उनका कहना था कि यदि जांच में कोई अधिकारी या कर्मचारी भी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी समान रूप से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मशाल रैली युवाओं के आक्रोश का प्रतीक है और इसका उद्देश्य राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा तथा दोषियों को सजा दिलाने की मांग को बुलंद करना है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि आम नागरिकों और युवाओं का है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

## परिजनों ने लगाया सुरक्षा में लापरवाही का आरोप, की मुआवजे की मांग

# हरिओम टीएमटी के प्लांट में करंट से वेल्डर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- प्रबंधन पर लग रहे सुरक्षा नार्म्स को लेकर लापरवाही के आरोप

भिलाई के जामुल थाना अंतर्गत छावनी स्थित हरिओम टीएमटी के प्लांट में बुधवार सुबह करंट लगने से 50 वर्षीय वेल्डर ब्रह्मदेव सिंह की मौत हो गई। वे कैम्प-1 अर्जुन नगर का रहने वाला था। फैक्ट्री के मैकेनिकल विभाग में वेल्डिंग का काम करता था। घटना के बाद उन्हें गंभीर हालत में खुर्सीपार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक के भांजे चितरंजन सिंह ने बताया कि सुबह करीब 11:30 बजे उन्हें हादसे की सूचना मिली। उनका आरोप है कि फैक्ट्री में पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण यह हादसा हुआ है।



मृतक ब्रम्हदेव सिंह

उन्होंने कहा कि यदि सुरक्षा के जरूरी इंतजाम होते तो ब्रह्मदेव सिंह की जान बच सकती थी। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल, सुपेला भेजा गया है। परिजनों ने बताया कि ब्रह्मदेव सिंह परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनका बेटा पैरालाइसिस से पीड़ित है और लंबे समय से बिस्तर पर है। ऐसे में परिवार के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने और मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में कंपनी प्रबंधन का कहना है कि यह खुदकुशी है, जबकि परिजन करंट से मौत बता रहे हैं।



### प्रबंधन का गैर जिम्मेदाराना जवाब

फैक्ट्री के जीएम भगवानदास अग्रवाल से जब इस बारे में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने इसकी जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा फैक्ट्री में सब अलग अलग काम देखते हैं, जो इसे देख रहा उससे जानकारी मांगें। वहीं जामुल थाने के टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में फैक्ट्री प्रबंधन ने बताया कि जहां करंट लगा वो प्रतिबंधित क्षेत्र था, वहां ब्रम्हदेव घुसा जिससे उसे करंट लगा। हालांकि यदि वह क्षेत्र इतना संवेदनशील था तो प्रबंधन ने वहां सुरक्षा गार्ड या अन्य इंताम क्यों नहीं किए कि कोई वहां जा न सके।

### पुलिस कर रही है जांच

सेफ्टी नॉम्स को लेकर संबंधित विभाग ऑडिट करेगा। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर ली है। आगे की कार्रवाई जारी है। मृतक के परिजन बाहर रहते हैं। उनके आने के बाद पीएम व अन्य कार्यवाही की जाएगी।

**-रामेंद्र सिंह,** टीआई, जामुल थाना, भिलाई


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री


शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों की मांगें हुई पूरी किसानों का आभार

दुर्ग। भारतमाला सड़क परियोजना के अंतर्गत ग्राम थनौद से जुड़ी लंबे समय से लंबित महत्वपूर्ण मांगों का समाधान होने पर ग्रामीणों और किसानों ने जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर अभिजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीण कृषकों ने बताया कि आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अंडरब्रिज की ऊंचाई बढ़ाने जनदर्शन में मांग की जा रही थी, जिसे स्वीकृति प्रदान किया गया। इसके अलावा शिवनाथ नदी-नाले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित पुल (ब्रिज) की लंबाई बढ़ाने की मांग भी पूरी की गई है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव और बाढ़ का प्रभाव कम होगा तथा लोगों और किसानों को आवागमन में राहत मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि इन मांगों के पूरा होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और भविष्य में किसानों एवं आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। मांगों के निराकरण पर ग्रामवासियों और कृषकों अनिल देवांगन, चंद्रकात सिन्हा, देवराज चतुर्वेदी, उमेन्द्र सिन्हा, हुमत धनकर, तारक सिन्हा, धनराज देवांगन ने कलेक्टर का आभार माना।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल देवादा में मना प्रवेशोत्सव



भिलाई। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (सेजस) देवादा शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ला गढ़े बर जैसै नारो के बीच विद्यार्थियों का तिलक लगाकर प्राचार्य और शिक्षकों ने स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वेदराम जांगडे, व्याख्याता स्मृति कुशवाहा, सुनीता सिंह, निमिषा कश्यप, संगीता शर्मा, सुदीप्ता बिस्वास, रुपमति साहू, देवकुमार नेताम आदि उपस्थित थे।

# क्रमोन्नत या समयमान वेतनमान का विकल्प आदेश पर शिक्षक दुविधा में

**दिक्कत यह कि सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृति आदेश ही नहीं है! विकल्प कैसे भरे ?**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रचलित क्रमोन्नति योजनाओं का वित्त विभाग के प्रचलित समयमान वेतनमान में समाहित करने संबंधी सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश को लेकर शिक्षक संगठनों ने विसंगतिपूर्ण बताया है। उनका कहना है कि दिक्कत यह कि सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृति आदेश ही नहीं है! विकल्प कैसे भरेंगे।

### इस तरह क्रमोन्न्त वेतनमान है स्वीकृत

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के मुताबिक शासकीय कर्मचारियों के लिए क्रमोन्नति योजना मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासकीय सेवा में प्रथम नियमित नियुक्ति से एक ही वेतनमान में 12 एवं 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने की स्थिति में क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत किया गया था। जोकि 19/4/99 से प्रभावशील था। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ के आदेश 24/4/2006 के द्वारा शिक्षक संवर्ग सहायक शिक्षक वेतनमान 4000-6000 ग्रेड पे 2400 को 12 एवं 24 वर्ष में क्रमशः 5000-8000 (ग्रेड पे 4200) तथा 5500-9000 (ग्रेड पे 4300) स्वीकृत हुआ था।साथ ही,शिक्षक 5000-8000 को 5500-9000,व्याख्याता 5500-9000 को 6500-10500 तथा 7500-12500 का क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत हुआ था। वित्त विभाग छत्तीसगढ़ शासन का आदेश 28 अप्रैल 2008 (वित्त निर्देश 11/2008) के द्वारा तत्समय प्रभावशील क्रमोन्नति योजना को संशोधित कर 1 अप्रैल 2006 से समयमान वेतन योजना लागू किया गया था। परिशिष्ट-1 में प्रारंभिक वेतनमान 4000-6000 (5200-20200+2400) का प्रथम उच्चतर वेतनमान 4500-7000 (5200-20200 +2800) तथा द्वितीय उच्चतर वेतनमान 5000-8000 (9300-34800 +4200) है। लेकिन छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश 24/4/2006 के द्वारा शिक्षक संवर्ग सहायक शिक्षक का वेतनमान 4000-6000 ग्रेड पे 2400 को 12 एवं 24 वर्ष में क्रमशः 5000-8000 (ग्रेड पे 4200) तथा 5500-9000 (ग्रेड पे 4300) स्वीकृत हुआ था। सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश 10/3/2017 द्वारा 10 वर्ष एवं 20 वर्ष पश्चात प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति स्वीकृत हुआ था।

### फेडरेशन का यह सवाल

फेडरेशन का प्रश्न है कि यदि सहायक शिक्षक क्रमोन्नति योजना का विकल्प लेता है तो उसे अन्य शासकीय सेवक के समान तृतीय उच्चतर वेतनमान का लाभ नहीं मिलेगा। यदि समयमान योजना का विकल्प लेता है तो उसे स्वीकृत नहीं होगा क्योंकि सहायक शिक्षक को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान का लाभ स्वीकृत ही नहीं हुआ है। ऐसे स्थिति में समयमान वेतनमान का विकल्प लेना संभव ही नहीं है।जबकि उच्च वर्ग शिक्षक,व्याख्याता,प्राचार्य को समयमान वेतनमान का लाभ पूर्व स्वीकृत है।उल्लेखनीय है कि समयमान वेतनमान के लाभ हेतु सेवाकाल की गणना सेवा में प्रवेश की तिथि से किया जाता है।छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृत होने के पश्चात ही विकल्प लेने अंतिम तिथि में वृद्धि करने का माँग मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री, मुख्यसचिव,सचिव सामान्य प्रशासन विभाग एवं सचिव स्कूल शिक्षा से किया है।

**दिक्कत : 33 वार्डों की सफाई व्यवस्था के लिए चल रही है मशक्कत**

# रिसाली निगम का पहला सफाई टेंडर फेल तीन सेगमेंट में फिर से बुलाया दोबारा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली की सफाई व्यवस्था के लिए जारी पहला टेंडर फेल हो गया है। निविदा प्रक्रिया में केवल एक कंपनी के आवेदन करने के कारण निगम को टेंडर निरस्त कर दोबारा निविदा जारी करनी पड़ी। सफाई कार्य को तीन अलग-अलग सेगमेंट में विभाजित कर दोबारा निविदा प्रक्रिया शुरू की है। इस हिसाब से एक सेगमेंट में तीन-तीन कंपनियों की जरूरत पड़ेगी। तभी सबसे कम रेट की निविदा भरने वाले कंपंनी को यह ठेका दिया जा सकेगा। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ सरकार के जैम पोर्टल के माध्यम से यह टेंडर प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसलिए तय मापदंडों के अनुरूप ही टेंडर दिया जाना है।

### इस तरह तीन सेंगमेंट में हो रही है निविदा

रिसाली निगम के अंतर्गत कुल 40 वार्ड हैं। इनमें से 33 वार्डों की सफाई व्यवस्था इस टेंडर के दायरे में रखी गई है। शेष 7 वार्ड भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के सेक्टर क्षेत्र में आते हैं, जहां सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी बीएसपी के पास है। नए टेंडर में पहले सेगमेंट के तहत वार्डों में नाली और कचरा सफाई के लिए करीब 250 कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। दूसरे सेगमेंट में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और तीसरे सेगमेंट में एसएलएमआर सेंटरों में कचरे के पृथक्करण एवं निष्पादन का कार्य शामिल किया गया है। 15 जुलाई तक टेंडर भरना है।



### पहले इस तरह चार भागों में थी सफाई व्यवस्था

रिसाली निगम में इससे पहले सफाई व्यवस्था चार भागों में संचालित हो रही थी। पहले, दूसरे व तीसरे भाग में आठ-आठ वार्ड शामिल किए गए थे। चौथे भाग में 9 वार्डों की सफाई काम शामिल था। इस तरह कुल 33 वार्डों में सफाई व्यवस्था रही। शेष 7 वार्ड बीएसपी के अंतर्गत था। ग्रुप वन में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 22, 23 व 24 शामिल रहे। ग्रुप दो में वार्ड क्रमांक 13, 14, 25 ,26, 27, 28 29, 30, व 31 शामिल रहे। ग्रुप तीन में वार्ड क्रमांक 15,16,17,18,19,20 व 21 शामिल थे। ग्रुप चार के अंतर्गत वार्ड 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39 व 40 को शामिल रहे हैं।

### सफाई टेंडर एक नजर में

कुल वार्ड : 40
टेंडर के दायरे में वार्ड : 33
बीएसपी सेक्टर क्षेत्र के वार्ड : 7
पहला टेंडर : एक ही कंपनी के आवेदन से फेल
नया टेंडर : तीन सेगमेंट में जारी
नाली व कचरा सफाई : 250 कर्मचारी प्रस्तावित
डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण : अलग पैकेज
एसएलएमआर सेंटर संचालन : अलग पैकेज
पिछला ठेका : 12 करोड़ रुपए
वर्तमान व्यवस्था : एल्मेक कंपनी को अवधि विस्तार

### 12 करोड़ के ठेके को लेकर चल रहा है तकरार

रिसाली निगम में सफाई ठेके को लेकर पिछले दो साल से जमकर विवाद चल रहा है। वर्तमान में सफाई व्यवस्था का संचालन एल्मेक ठेका कंपनी कर रही है। इस कंपंनी को 12 करोड़ रुपए में दिए गए इस ठेके की अवधि समाप्त होने के बाद नई निविदा प्रक्रिया पूरी नहीं होने से कंपनी को समयावधि बढ़ाकर काम जारी रखने की अनुमति दी गई है। महापौर व उनकी परिषद इस कंपंनी का ठेका अवधि नहीं बढ़ाने के लिए जमकर विरोध किया। ठेका अवधि इस कंपनी की समाप्त हो जाने के बाद सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी और सफाई कर्मी के पास काम नहीं था। इस मुद्दे को लेकर सफाई कर्मियों ने मेयर निवास का घेराव किया। मेयर व उनके सहयोगी पार्षदों ने आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोला। नतीजा मेयर व इन पार्षदों के खिलाफ संभागायुक्त कोर्ट में मामला चल रहा है।

# 119.18 करोड़ की लागत से नवनिर्मित शासकीय भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ विधायक चंद्राकर ने बच्चों का तिलक कर कराया प्रवेश

विधायक ललित चंद्राकर ने आज कोड़िया स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में 119 लाख 18 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को समर्पित किया।

मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विकसित भारत का लक्ष्य दिया है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ को शिक्षित छत्तीसगढ़ बनाने में लगे हैं। इसी कड़ी में यह नया स्कूल भवन हमारे बच्चों के लिए शिक्षा का मंदिर है। अब हमारे गांव के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। लोकार्पण के पश्चात संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। विधायक ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, पेड़ा खिलाकर और फूल माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान हैं। शिक्षा के माध्यम से आप जो बनना चाहते हो, जो मुकाम हासिल करना चाहते हो, वो सब बन सकते हो। इसलिए जीवन में ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करो। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति श्रद्धा पुरेन्द्र साहू, सरपंच खुमान निषाद, मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत, महामंत्री चंदु देवांगन, प्रवीण यदु, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आनंद चंद्राक, प्राचार्य नीलमणि उज्जवनी आदि उपस्थित थे।

# जिला सहकारी बैंक में एफपीओ को मजबूत बनाने पर मंथन, किसानों की आय बढ़ाने पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ बैठक में बाजार से जोड़ने की रणनीति पर हुई चर्चा

सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के मुख्यालय में किसान उत्पादक संगठन एफपीओ के संचालनकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एफपीओ के कार्यों की समीक्षा करते हुए किसानों की आय बढ़ाने, संगठनों को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, उपाध्यक्ष नरेश यदु, उप आयुक्त सहकारिता सतीश पाटले तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके वर्मा सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के अंतर्गत दुर्ग और बालोद जिले में वर्तमान में 7 किसान उत्पादक संगठन संचालित हैं। इन संगठनों के माध्यम से किसान सामूहिक रूप से बीज, खाद और अन्य कृषि सामग्री कम कीमत पर खरीद सकते हैं तथा अपनी उपज को सीधे बाजार में बेचकर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि एफपीओ किसानों को बिचौलियों पर निर्भरता से मुक्त कर उनकी आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी संचालित संगठनों से कार्यों में तेजी लाने और अधिक से अधिक किसानों को एफपीओ से जोड़ने का आह्वान किया। उप आयुक्त सहकारिता सतीश पाटले ने बताया कि मैदानी क्षेत्रों में एक एफपीओ के गठन के लिए कम से कम 300 किसान सदस्यों की आवश्यकता होती है। भारत सरकार प्रत्येक एफपीओ को तीन वर्षों तक कार्यालय संचालन और प्रबंधन के लिए 18 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता देती है। इसके अलावा प्रति किसान सदस्य 2 हजार रुपये का अनुदान भी उपलब्ध कराया जाता है।बैठक के दौरान एफपीओ संचालकों ने कार्य संचालन में आने वाली समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। बैंक प्रबंधन ने इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग का भरोसा दिया। कार्यक्रम में बैंक के अधिकारी, एफपीओ कर्मचारी तथा प्रधान कार्यालय एवं शाखा के कर्मचारी भी मौजूद थे।

# जी रामजी योजना आज से, 125 दिनों का रोजगार गारंटी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विकसित भारत रोजगार एवं मिशन ग्रामीण जी-राम जी योजना का राष्ट्रीय शुभारंभ 2 जुलाई को तिरुपति आंध्र प्रदेश से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही जिला पंचायत दुर्ग के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह योजना विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार, अधोसंरचना विकास तथा आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, योजना के अंतर्गत अब प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीण परिवार को प्रति वित्तीय वर्ष 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मजदूरी का भुगतान 7 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक व्यय की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है। योजना के तहत जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन एवं कौशल विकास से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जीआईएस, ई-केवाईसी एवं बायोमेट्रिक प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 60 दिनों के कृषि अवकाश का भी प्रावधान रहेगा तथा कार्य की मांग प्राप्त होने पर 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

# वार्ड 36 में होंगे विकास कार्य, 7.50 लाख से बनेंगी नालियां और पुलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ गंजपारा पुलिस लाइन में महापौर ने किया भूमिपूजन



शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों की वर्षों पुरानी समस्याओं के निराकरण की दिशा में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड 36 गंजपारा पुलिस लाइन क्षेत्र में लगभग 17.50 लाख की लागत से विभिन्न स्थानों पर नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, एमआईसी शिव नायक, पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता तथा बड़ी संख्या में उपस्थित वार्डवासियों की मौजूदगी में किया।

इस स्वीकृत कार्य के अंतर्गत बांधा तालाब निचली बस्ती एवं जीवन प्लाजा के पीछे, मंदिर से चौहान निवास तक, मोहन बाल मंदिर के आसपास तथा सरदार पटेल स्कूल के सामने नाली एवं पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था मजबूत होगी, बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से राहत मिलेगी तथा नागरिकों को आवागमन में बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

भूमिपूजन के दौरान महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कर नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पुलिया, पेयजल एवं स्वच्छता जैसी आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, ताकि शहर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना नगर निगम की जिम्मेदारी है और इसी भावना के साथ विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता एवं स्थानीय नागरिकों ने वार्ड में विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन निर्माण कार्यों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान होगा और आम नागरिकों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में उपअभियंता मोहित मरकाम, अजय शर्मा, कमल नारायण रूंगटा, विजय गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, प्रहलाद, महेंद्र सक्सेरिया, सरिता शर्मा, किरण सेन, चंचल शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

**अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास आवंटन जैसी शिकायत लेकर पहुंचे**

# बस्ती से पोल्ट्री फार्म हटाने ग्रामवासियों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ जनदर्शन में मिले 180 आवेदन

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्रीमती सिल्ली थॉमस भी उपस्थित थीं। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 180 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में प्राप्त विभिन्न आवेदनों पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली और उक्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### घास जमीन को सुरक्षित करने की मांग

धुमा के ग्रामवासियों ने घास जमीन को पशुपालन के लिए सुरक्षित करने आवेदन दिया। ग्रामवासियों ने बताया कि तहसील पाटन के अंतर्गत घास जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है। यह जमीन पशुओं के चरने के लिए सुरक्षित है और यदि अतिक्रमण जारी रहा तो गांव में मवेशियों के लिए चारागाह की समस्या और बढ़ जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में ग्राम पंचायत में प्रस्ताव भी पारित किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं रुका। उन्होंने घास जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर पशु चारागाह के रूप में सुरक्षित रखने की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार पाटन को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### जलभराव समस्या की समाधान करने की मांग

ग्राम खम्हरिया के किसानों ने धनोरा नाला पर बने कट बांध के कारण खेतों में जलभराव होने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि धनोरा नाला पर बने कट बांध की वजह से हल्की बारिश में भी करीब 20 एकड़ कृषि भूमि में पानी भर जाता है, जिससे रोपा और बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। इससे खेती और आजीविका पर भी गंभीर असर पड़ेगा। किसानों कट बांध का निरीक्षण कर जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### पोल्ट्री फार्म से हो रही परेशानी

ग्राम थनौद के ग्रामीणों ने आवासीय क्षेत्र से लगे पोल्ट्री फार्म को बंद करने अथवा अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पोल्ट्री फार्म आवासीय क्षेत्र के बेहद निकट संचालित हो रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पोल्ट्री फार्म से निकलने वाली दुर्गंध, अपशिष्ट और प्रदूषण के कारण पूरे गांव का वातावरण प्रभावित हो रहा है। इससे सांस लेने में परेशानी, मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ने और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। गर्मी और बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कराकर पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करने, पोल्ट्री फार्म को रिहायशी क्षेत्र से हटाने तथा जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत दुर्ग को निरीक्षण कर कार्यवाही करने को कहा।

# राइजिंग पाइपलाइन लीकेज : 3 जुलाई को जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ लीकेज सुधार के लिए निगम करेगा आवश्यक मरम्मत

नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड 47 स्थित पांच बिल्डिंग क्षेत्र में आयुक्त निवास के पीछे पद्मनाभपुर पानी टंकी को भरने वाली 400 एमएम सीआईडीब्ल्यू राइजिंग पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण बड़ी मात्रा में पेयजल व्यर्थ बह रहा है। जल संरक्षण एवं नागरिकों को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगम द्वारा पाइपलाइन की आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए 3 जुलाई शुक्रवार की रात्रि में टंकी का शटडाउन लिया जाएगा। मरम्मत कार्य के दौरान संबंधित क्षेत्रों में जलापूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित रहेगी। कार्य पूर्ण होने के बाद जलापूर्ति पुनः सुचारु रूप से प्रारंभ कर दी जाएगी। मरम्मत कार्य के कारण वार्ड 42 में आंशिक, वार्ड 43 पूर्ण क्षेत्र, वार्ड 44 आंशिक क्षेत्र, वार्ड 45 पद्मनाभपुर, वार्ड 46 पद्मनाभपुर, दो गली को छोड़कर जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

निगम ने कहा है कि 4 जुलाई की सुबह के लिए आवश्यकतानुसार पेयजल का पूर्व संग्रह कर लें। निगम द्वारा आवश्यकता अनुसार वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से भी जलापूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। 4 जुलाई को मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत जलापूर्ति सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बार-बार बिजली गुल होने से ग्रामीण परेशान

**सेलूद।** सेलूद सहित पाटन ब्लाक के सभी गांवों में बार बार बिजली गुल हो जा रही है। बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण काफी परेशान है। ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा है कि इस बरसात के मौसम में हवा तूफ़ान व पानी गिरने पर लाइट गुल होना समझ आता है लेकिन बिना हवा तूफान बारिश के लाइट बंद कर दी जाती है जो घंटों बंद रहती है। दिन के साथ-साथ रात में भी लाइट बंद होना आम बात हो गई है। वही बार-बार बिजली जाने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो रहे हैं। बरसात के मौसम में जीव जंतु से अंधेरे में डर वैसे ही बना रहता है बार-बार लाइट बंद होने से आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ रही है। बिजली कर्मचारी फोन करने पर फोन रिसीव नहीं करते बिजी कर देते हैं। कई बार लाइट बंद होने के कारण पाटन ब्लॉक के सभी गांवों के ग्रामीण परेशान है। बिना सूचना के ही सेलूद सहित आस पास के गांवो में बिजली बंद कर दी जाती है। बिजली ऑफिस में लैंड लाइन नंबर को हमेशा व्यस्त रखा जाता है।



## निधन

### सुरेश मित्तल

**दुर्ग।** कादम्बरी दुर्ग निवासी सुरेश मित्तल पिता स्व. प्रभाती लाल मित्तल का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश चंद मित्तल, रामनिवास, अरुण मित्तल के भाई तथा अनिल मित्तल, अंकित मित्तल के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### धन्नु सिंह ठाकुर

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त व 21/एच, सड़क 4, सेक्टर 4 निवासी धन्नु सिंह ठाकुर 70 वर्ष का निधन 30 जून को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 1 जुलाई को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक. ......रा.नि. 2026,
कोहका, दिनांक 25/06/2026

प्रति,
1. आवेदक दधिचंद राव पिता महाबली राव, निवासी - वार्ड नं.-21, सुपेला, भिलाई, 2.शफीक खान, 3. प्रितम नेताम, 4. प्रमीला खण्डेलवाल

विषय :- सीमांकन / स्थल जांच के संबंध में सुचना बाबत।

ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला - दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 5174/1 रकबा 0.020 हे. का सीमांकन /स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख / सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 39 दिनांक 17/3/2026 के परिपालन में दिनांक 03/07/2026 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

**:: आम सूचना ::**

(मौजा ग्राम परसदा, तह. भिलाई-3, जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न. 647/1, एवं 647/4 बाबत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता तरूण कुमार कोचर पिता शिखर चन्द्र कोचर पता हाउस नंबर 1256 पुरोहित बाडा, बूढ़ापारा वार्ड नंबर 57, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), नें अपने हक स्वामित्व एवं आधिपत्य के मौजा ग्राम परसदा, प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. - कुम्हारी, तह. भिलाई-3, जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 647/1, एवं 647/4 रकबा क्रमशः 0.060 एवं 0.200 हैक्टेयर जिसकी चर्तुसीमा उत्तर में क्रेता की भूमि ख.न. 647/2 एवं ख.न. 648, दक्षिण में खसरा नंबर 712, पूर्व में क्रेता की भूमि खसरा नंबर 648 एवं पश्चिम में रोड स्थित है, को मेरे पक्षकार राकेश कुमार पाण्डेय पिता बृजभूषण पाण्डेय निवासी गौरव टिम्बर ट्रेडर्स वार्ड नंबर 14 कुम्हारी जिला दुर्ग के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर सौदा पेटे मे से मेरे पक्षकार से बतौर अग्रिम ब्याना राशी प्राप्त कर लिया है, मात्र अब इकरारशुदा भूमि के विक्रय पत्र का पंजियन एवं निष्पादन किया जाना शेष है। अतः इस क्रय-विक्रय पर यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान, आदि को किसी भी प्रकार का कोई भी उजर/ दावा /आपत्ति हो, तो इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे दर्शाये गये पते पर प्रस्तुत कर देंवें, अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजियन करवा लिया जावेगा। ऐसी दशा में प्रस्तुत आपत्ति नाजायज होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

दुर्ग, दिनांक 01/07/2026

भवदीय
मनोज मिश्रा अधिवक्ता
अप्सरा टॉकीज के पास, डी.एम. कम्पनी के सामने, संतराबाड़ी, दुर्ग, (छ.ग.)
मो.नं. 93995 17770

### प्रशासनिक अधिकारी अवैध कब्जों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में विफल

# अमलेश्वर में अवैध कब्जों का बढ़ रहा जाल कार्रवाई नहीं होने से नागरिकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

दुर्ग जिले के नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अवैध कब्जों को लेकर नगरवासियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी अवैध कब्जों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं।

लोगों का सीधा सवाल है कि आखिर नगर में फैले अवैध कब्जों पर बुलडोजर कब चलेगा। सूत्रों के अनुसार सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के पार्षदों द्वारा समय-समय पर अवैध कब्जों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित आवेदन दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद धरातल पर किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। नगरवासियों ने इसे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की उपेक्षा करार देते हुए सवाल उठाया है कि राजस्व विभाग अवैध कब्जों को हटाने से आखिर क्यों पीछे हट रहा है। नागरिकों का कहना है कि पाटन तहसीलदार अमलेश्वर पहुंचकर पटवारी कार्यालय में प्रकरणों की जानकारी लेते हैं और फिर वापस लौट जाते हैं, लेकिन अवैध कब्जों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इससे लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं और सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि बटालियन पेट्रोल पंप के सामने बड़े भूभाग पर हुए अवैध कब्जे को हटाने में पालिका प्रशासन असफल रहा है। इस मामले में सत्ता पक्ष के एक पार्षद ने भी लिखित शिकायत की थी, लेकिन केवल कागजी कार्रवाई कर मामले को समाप्त कर दिया गया। आरोप है कि केवल सामने की दीवार तोड़ी गई, जबकि पूरा परिसर आज भी चेकर टाइल्स लगाकर कब्जे में बना हुआ है।

### लोगों ने उठाया सवाल कि आखिर कब चलेगा बुलडोजर?




इसी प्रकार अमलेश्वर के हृदय स्थल अटल चौक से लेकर मेन रोड, प्रगति विहार कॉलोनी के आसपास, व्यवसायिक परिसरों के समीप, अमलेश्वर-खुड़मुड़ा मार्ग, शीतला विहार क्षेत्र तथा अमलेश्वर-पाहंदा मार्ग पर भी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। नागरिकों का आरोप है कि रसूखदार लोगों द्वारा किए गए इन कब्जों पर कार्रवाई करने से राजस्व विभाग बचता नजर आ रहा है। इस पूरे मामले को लेकर विपक्षी पार्षदों ने नगर पालिका परिषद अमलेश्वर की बैठक का बहिष्कार करते हुए अवैध कब्जों पर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन आज तक न तो उनकी मांग पर सुनवाई हुई और न ही सत्ता पक्ष के पार्षदों द्वारा दिए गए आवेदनों का निराकरण हो सका है। अवैध कब्जों पर कार्रवाई नहीं होने से नगर पालिका प्रशासन और पाटन तहसीलदार की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। अब नगरवासी इस इंतजार में हैं कि आखिर अमलेश्वर में फैले अवैध कब्जों पर प्रशासन का बुलडोजर कब चलेगा।



## नए गणवेश, स्कूल बैग और पुस्तक वितरण कर मनाया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला चुनकट्टा में नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ पर 'शाला प्रवेश उत्सव' का आयोजन किया गया। शाला परिसर में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना भी किया गया। इस गरिमामय समारोह में शाला के 45 छात्र-छात्राओं तथा बालवाड़ी के 6 नन्हे बच्चों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा बच्चों को नए गणवेश, स्कूल बैग और पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। नया बैग और किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत की ओर से बच्चों के लिए विशेष 'न्योता भोज' का भी आयोजन किया गया, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में दिव्या कलिहारी जनपद सदस्य चंद्रिका कलिहारी, सरपंच रोशनी राय, सोनू राय, उपसरपंच अजय सिंह राजपूत, छत्रपाल सिंह राजपूत शामिल थे। साथ ही पंचगण रजनी ठाकुर, हेमा जोशी, माया जोशी, नीतू कौशले, आशा सिंह राजपूत, दशमत बंजारे व राजेन्द्र बंजारे ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

■ शाला परिसर में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना भी की गई

कार्यक्रम में समाजसेवी विकेश्वर ठाकुर, लक्ष्मण यादव, विधायक प्रतिनिधि राधेलाल सोनवानी, नर्सिंग साहू, विजय कौशले, अजीत ठाकुर, संकुल समन्वयक सिन्हा सहित स्कूल के शिक्षक गण और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## बेन्दरी के कबड्डी खिलाड़ियों को सांसद ने दी मैट



**पाटन।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेन्दरी के कबड्डी खिलाड़ियों ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, परंतु उचित खेल मैदान के अभाव में अभ्यास में दिक्कत हो रही थी। इस संबंध में कबड्डी खिलाड़ियों ने जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा के माध्यम से सांसद विजय बघेल से कबड्डी मेट की माँग रखी। जिसे सांसद बघेल ने खिलाड़ियों की जरूरत को ध्यान रखते हुए यथाशीघ्र प्रदान किया। कबड्डी खिलाड़ीयों ने मेट प्राप्ति से हर्ष व्यक्त करते हुए प्रणव शर्मा के नेतृत्व में सांसद बघेल आभार व्यक्त किया, साथ ही ग्राम रवेली के कबड्डी खिलाड़ीयों ने भी कबड्डी मैट की मांग रखी है। इस अवसर पर प्रशांत शर्मा, ताराचंद वर्मा, रवि साहू, विद्यासागर निषाद, विमल साहू, कामेश, खोमेश्वर, हेमंत, प्रवीन, खिलेश्वर, नमन, बड़ी संख्या में ग्रामवासी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।



## अम्लेश्वर में लगातार बोर खनन से उठ रहे सवाल

**पाटन।** नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर क्षेत्र में लगातार बोर खनन का कार्य जारी है। इस मामले में संबंधित विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। लोगों के बीच चर्चा है कि आखिर इन बोर खननों को विधिवत अनुमति दी गई है या फिर बिना अनुमति के अवैध रूप से बोर खनन किया जा रहा है। रायपुर से अम्लेश्वर मेन रोड पर बोर खनन का कार्य किया गया, जिससे भारी मात्रा में धूल उड़ने लगी। उड़ती धूल के कारण सड़क से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति ऐसी हो गई कि लोगों को एक-दूसरे को देखना भी मुश्किल हो रहा था, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रही। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस मामले में उदासीनता पर नाराजगी जताई है। नगरवासियों ने बोर खनन की वैधता की जांच कराने, धूल नियंत्रण के लिए तत्काल उपाय करने तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। लगातार बोर खनन की वजह से मेन रोड में धूल उड़ रही है। जो कि आवागमन में परेशानी का कारण बन रही है। वहीं एक ओर किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं और सूखे हालात से चिंतित हैं, वहीं दूसरी ओर उड़ती धूल परेशान कर रही है।

## खपरी-सिलोदा में मनाया शाला प्रवेश उत्सव, नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खपरी सिलोदा के पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा की सरपंच अनुसूईया नारायण साहू ने नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल का टीका लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर सरपंच अनुसूईया साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि वे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे तो भविष्य में डॉक्टर, शिक्षक और इंजीनियर बन सकते हैं। उन्होंने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा कि गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले तीन वर्षों में नवोदय विद्यालय बोरई में 6 बच्चों का चयन हुआ है तथा एनएमएमएस परीक्षा में 10 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। चयनित विद्यार्थियों को शासन द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। साथ ही सभी बच्चों के लिए विशेष भोज की व्यवस्था की गई, जिसमें खीर, पूड़ी, दाल-भात, सब्जी, पापड़ और अचार परोसा गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच एवं सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू, उपसरपंच दिनेश यादव, पंच कुमेश्वरी साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष डिलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष तारामती साहू, पूर्व अध्यक्ष चितरंजन साहू, विधायक प्रतिनिधि रामसिंह साहू, जनप्रतिनिधि रैनी साहू, पेमिन साहू, चेतना निषाद, इंद्राणी साहू, संजू निषाद, नीरू साहू, कांति यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधान अध्यापक जीवनलाल चंद्राकर, शिक्षिका वंदना रामटेके, पुष्पा देशमुख, उपेंद्र कुमार कटेंद्र, भोजराम यादव, प्रधान पाठक धर्मेंद्र कुमार हिरवानी, दुष्यंत कुंभकार, लक्ष्मी साहू, सुरुचि ठाकुर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

■ कार्यक्रम में बच्चों के लिए विशेष भोज परोसा गया

### बिजनेस साइट

## अतुल ऑटो में हर ऑटो की खरीदी पर एलईडी टीवी उपहार



**भिलाई।** शहर के व्यापारियों, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। अब भिलाई में भी अतुल ऑटो के आधुनिक और दमदार कमर्शियल वाहन उपलब्ध हो गए हैं। सुपेला रोड स्थित गीता मोटर्स को अतुल ऑटो का अधिकृत विक्रेता बनाया गया है, जहां डीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक मॉडल्स की विस्तृत रेंज ग्राहकों के लिए पेश की जा रही है। गीता मोटर्स द्वारा लॉन्च किए गए इन वाहनों में इलेक्ट्रिक और पारंपरिक दोनों प्रकार के मॉडल शामिल हैं, जो व्यापार को नई ऊंचाइयां देने में सक्षम बताए जा रहे हैं। कंपनी ने बढ़ती ईंधन कीमतों और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों पर विशेष फोकस किया है। कंपनी के अनुसार यह वाहन लगभग 207 किलोमीटर तक का इंटरसिटी माइलेज देने में सक्षम है। साथ ही इसकी बैटरी केवल 6 घंटे में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है। अतुल ऑटो में हर ऑटो की खरीदी पर एलईडी टीवी उपहार स्वरूप दिया जाएगा। वाहन में ड्राइवर और यात्रियों के लिए अधिक स्पेस दिया गया है, जिससे सफर आरामदायक बनता है। गीता मोटर्स में कार्गो और सवारी दोनों प्रकार की गाड़ियां उपलब्ध हैं। इनमें अतुल जेमी, अतुल शक्ति डीजल कार्गो, अतुल रिक प्लस, अतुल स्मार्ट कार्गो सीएनजी और अतुल जेम जैसे मॉडल शामिल हैं। कंपनी ने अपने वाहनों में 435 सीसी एयर कूल इंजन का विकल्प भी उपलब्ध कराया है। साथ ही पुली वाले साधारण इंजन में भी वाहन उपलब्ध होने की जानकारी दी गई है। व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि अतुल के इन वाहनों की उपलब्धता से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में छोटे और मध्यम व्यापारियों को काफी फायदा मिलेगा। इच्छुक ग्राहक गीता मोटर्स, लक्ष्मी मार्केट के सामने, सुपेला रोड, भिलाई में संपर्क कर सकते हैं।

## भिलाई में बंसल ब्रदर्स की ऑफर की बारिश, 50% तक की छूट




**भिलाई।** शहर के प्रतिष्ठित वस्त्र शोरूम बंसल ब्रदर्स, सिविक सेंटर, भिलाई में मानसून सीजन के अवसर पर ऑफर की बारिश सेल का शुभारंभ किया गया है। इस विशेष सेल के तहत ग्राहकों को 50% तक की आकर्षक छूट का लाभ दिया जा रहा है। सेल के दौरान ग्राहकों के लिए फैंसी साड़ियां, कुर्तियां, सूट्स, जीन्स एवं टॉप्स तथा ब्रांडेड सूटिंग-शर्टिंग की शानदार रेंज विशेष ऑफर्स के साथ उपलब्ध है। इसके अलावा कई उत्पादों पर विशेष स्कीम भी रखी गई हैं, जिनमें जीन्स, टॉप्स और मिडी पर बाय वन गेट वन, कुर्तियों पर फ्लैट 25% छूट तथा कुर्ती सेट मात्र 995 रुपए से उपलब्ध हैं। बंसल ब्रदर्स में महिलाओं के लिए सिल्क, फैंसी और कॉटन साड़ियों का आकर्षक संग्रह उपलब्ध है। वहीं पुरुषों के लिए उच्च गुणवत्ता की ब्रांडेड सूटिंग-शर्टिंग और स्टाइलिश कुर्तों की विस्तृत रेंज ग्राहकों को पसंद आ रही है। साथ ही सलवार सूट, को-ऑर्ड सेट, रेडीमेड सलवार सूट सहित अनेक नवीनतम फैशन कलेक्शन भी विशेष ऑफर्स के साथ उपलब्ध हैं। यह ऑफर सीमित अवधि के लिए उपलब्ध है।

## ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

# शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के कार्य से बच्चे और ग्रामीणों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

समाज सेवा के प्रति समर्पित संस्था 'शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़' में दुर्ग भिलाई के शिक्षकों ने प्रदेश भर के शिक्षकों को जोड़ा है। जिससे प्रदेश के कोने-कोने के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को खुशी देने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी के तहत जिला खैरागढ़ विकासखंड छुईखदान के प्राथमिक विद्यालय बांधाटोला के सभी विद्यार्थियों को निशुल्क, स्कूल बैग, कम्पास, कॉपी, पेन, पेंसिल तथा मिठाई, फल, बिस्कुट व अन्य सामग्री वितरण करने का सराहनीय कार्य किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित शिक्षक संजय कुमार मैथिल, संस्था के अध्यक्ष मीना भारद्वाज के संयोजन में कार्यक्रम संपन हुआ



जिसमें संस्था के पदाधिकारी, संरक्षक परसराम साहू, सुषमा हिरवानी, महादेव प्रसाद जायसवाल, महेत्तर देवांगन, नारायण प्रसाद पांडे, सुनीता जनार्दन, किरण शर्मा, हेमा चंद्रवंशी, लक्ष्मी देशलहरे, मनीषा वाईकर, हेमंत कुमार साहू, इंद्रजीत सिंह ठाकुर, स्वीटी ठाकुर, तुलसी प्रसाद साहू, शांति कुमार साहू, ममता गुरुपंच, विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षक मुरली मनोहर वर्मा के साथ ग्रामीण जन की उपस्थिति रही।

इस निःशुल्क सामग्री वितरण कार्य हेतु विशेष सौजन्य सुषमा हिरवानी ममता गुरुपंच का रहा संस्था के संजय कुमार मैथिल व अध्यक्ष मीना भारद्वाज के द्वारा विद्यालय भवन के लिए भूमि दान करने वाली महिला फूलबाई ध्रुव का सम्मान किया गया।

जमीन दान देने वाली महिला ने उद्बोधन में कहा कि हमें समाज और बच्चों के लिए निस्वार्थ भाव से काम करना चाहिए। इस प्रकार कार्यक्रम के अंत में नारायण प्रसाद पांडे के द्वारा आभार किया गया। ग्रामीण जनों को भी मिठाई फल बिस्किट वितरण किया गया। सभी बच्चे, पालक व ग्रामीण जन में हर्ष व्याप्त रहा।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सिरसा गेट अंडरब्रिज मरम्मत : पुरैना सहित आसपास के गांवों में आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई-3 सिरसा गेट स्थित रेलवे अंडरब्रिज को मरम्मत कार्य के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक बंद किए जाने की सूचना के बाद क्षेत्र के लोगों में चिंता बढ़ गई है। अंडरब्रिज बंद होने से पुरैना तथा आसपास के गांवों के हजारों नागरिकों को आवागमन में अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। नगर पालिक निगम रिसाली की पार्षद रंजीता बेनुआ ने इस संबंध में जिला कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर मरम्मत अवधि कम करने और आम नागरिकों को राहत देने की मांग की है। वहीं डीआरएम को ज्ञापन देकर कहा है कि रेलवे पटरी पार कर लोग आवागमन करेंगे ऐसे में लोगों पर रेलवे जुर्माना जैसी कार्रवाई नहीं करेंगे, अन्यथा विरोध किया जाएगा। डीआरएम ने पार्षद को आश्वासन दिया कि कार्य को दो महीने के बजाय एक महीने में ही पूर्ण कर दिया जाएगा।

## रिसाली निगम के पुरैना वार्ड पार्षद ने दिया डीआरएम और कलेक्टर को ज्ञापन

### दो बार मरम्मत लेकिन समस्या वही

ज्ञापन में बताया गया है कि फरवरी 2024 में लोकार्पित किए गए इस अंडरब्रिज में निर्माण के कुछ महीनों बाद ही तकनीकी समस्याएं सामने आने लगी थीं। इसके बाद दिसंबर 2024 और अगस्त 2025 में भी मरम्मत कार्य किया गया, लेकिन समस्या पूरी तरह दूर नहीं हो सकी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बार-बार मरम्मत की आवश्यकता उठने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब लोगों की नजर प्रशासन और रेलवे अधिकारियों के निर्णय पर टिकी है कि आमजन की परेशानी को कम करने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।



### 6 से 8 किलोमीटर ज्यादा दूरी से आवागमन

अंडरब्रिज बंद होने से पुरैना, सिरसा तथा आसपास के गांवों के लोगों को भिलाई-3, भिलाई नगर और भिलाई सेक्टर क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ेगा। इससे प्रत्येक यात्रा में 3 से 4 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी होगी और आने-जाने में कुल 6 से 8 किलोमीटर का अतिरिक्त भार बढ़ जाएगा। इसका असर छात्रों, मरीजों, कर्मचारियों और दैनिक आवागमन करने वाले नागरिकों पर पड़ेगा।

### आवश्यक सेवाएं भी हो रही हैं प्रभावित

लोगों का कहना है कि भिलाई-3 क्षेत्र में अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनके लिए बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। अंडरब्रिज बंद होने पर उन्हें आर्थिक, शारीरिक और समय संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, जब तक अंडरब्रिज पुनः चालू नहीं हो जाता, तब तक रेलवे लाइन पार कर आवागमन करने वाले स्थानीय नागरिकों के विरुद्ध केवल रेलवे ट्रैक पार करने के आधार पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का अनुरोध भी किया गया है।

## खबर संक्षेप



### ओए ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा प्रगति भवन में हुए समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा के लिए सम्मान किया गया। सेफी चेयरमेन व ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह रेमी थॉमस, उपाध्यक्ष माइंस नीतेश छत्री, सचिव प्रहलाद मौर्या, अनु पी उपस्थित थे। जून में सेवानिवृत्त हुए डॉ. विनीता द्विवेदी, सीएमओ इंचार्ज (एमएंडएचएस), झागर सिंह, जीएम अनुपम स्वरूप, जीएम (राजहरा), अनिल कुमार मलिक, जीएम , डॉ. पी. मर्सी, एडिसनल सीएमओ, संजय बी पाटिल, जीएम (सीओसीसीडी), जगन्नाथ र, राकेश सिंह ठाकुर, एजीएम , नितीन कनिकडाले, एजीएम , समिरन कुमार दास, एजीएम विजय कुमार वर्मा, एजीएम (रिक्लेमेशन शॉप), लाली वेणुगोपाल, एजीएम , भाऊराव ढोके, एजीएम, कृष्णा कुमार बघेल, एजीएम, अब्दुल हक, संतोष अब्राहम, सीनियर मैनेजर एमवीवी प्रसाद, सीनियर मैनेजर रमेश कुमार राठौर, सीनियर मैनेजर आरएस छाया दिनकर, डिप्टी मैनेजर विरेन्द्र प्रसाद, डिप्टी मैनेजर रामा राव, असिस्टेंट मैनेजर का सम्मान किया गया। ओए ने अभिनंदनपत्र व सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया। श्री नरेंद्र कुमार बंछोर ने कहा कि बीएसपी द्वारा जो उपलब्धियां हासिल किया गया है।

## भिलाई गोलीकांड की बरसी पर छमुमो के बैनर तले जुटे हजारों मजदूर

# व्यर्थ नहीं जाएगी शंकर गुहा नियोगी और 17 श्रमिक साथियों की शहादत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (समन्वय समिति) द्वारा 1 जुलाई 1992 को पावरहाउस स्टेशन पर हुए गोलीकांड की 35 वीं बरसी पर आज बुधवार को भव्य रैली निकाली गई। घटना स्थल स्टेशन पर हजारों श्रमिकों व परिजनों ने गोलीचालन में जान गंवाने वाले अपने छमुमो के मजदूरों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में बीएसपी सहित स्थानीय उद्योगों में मजदूरों का शोषण खत्म कराने के साथ केंद्र सरकार द्वारा लागू श्रम कानूनों के संशोधनों को वापस लेने की मांग की गई। सभी ने छमुमो के संस्थापक व महसाचिव शहीद शंकर गुहानियोगी के सिद्धांतों पर चलकर मजदूर किसानों के हक के लिए संघर्ष करने का संकल्प दोहराया। रैली व भव्य सभा में भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से छमुमो व सीटू आदि यूनियनों के हजारों मजदूर शामिल हुए।

गौरतलब हो कि औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के बड़े उद्योगों के 4 हजार ठेका मजदूरों के हितों और जीने लायक वेतन देन की मांग को लेकर 1992 में पावरहाउस स्टेशन पर रेल लोको आंदोलन कर रहे हजारों मजदूरों पर किए गए पुलिस के गोलीचालन में 17 मजदूरों की मौत हो गई थी। अपने शहीद मजदूरों को श्रद्धांजलि देने छमुमो द्वारा हर साल शहादत दिवस मनाया जाता है। आज पूर्वान्ह 10 बजे छमुमो समन्वय समिति के बैनर तले हजारों मजदूर व समर्थक संगठनों के मेहनतकश पावरहाउस छावनी थाना मैदान इकट्ठा हुए। यहां से शहीद मजदूरों के परिवारों के साथ हजारों मजदूर मौन होकर गोलीकांड स्थल पावरहाउस स्टेशन पहुंचे। स्टेशन में गोलीचालन में जान गंवाने वाले मजदूरों को सभी श्रमिकों व छमुमो नेताओं ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। परिजनों ने दिवंगतों के चित्रों पर दीपक अगरबत्ती जला व पुष्प अर्पित किए। इसके बाद शंकरगुहा नियोगी व अमर शहीदों जुग जुग जियो, नियोगी हत्याकांड की दोबारा जांच हो, श्रम कानूनों का पालन करना होगा आदि नारे लगाते हुए रैली पावरहाउस मैदान से निकली। सभी लोग लाल हरा पोशाक पहने हुए थे और इसी रंग के झंडे थामे हुए थे। रैली की अगुवाई छमुमो के पूर्व अध्यक्ष व विधायक जनकलाल ठाकुर, वर्तमान अध्यक्ष भीमराव बागड़े व एजी कुरैशी तथा मेघदास वैष्णव कर रहे थे। सीटू नेता एसपी डे एक्टू आदि यूनियन के लोगों ने भी श्रद्धांजलि दी। रैली नंदिनी रोड से छावनी चौक होते हुए एसीसी नियोगी चौक पहुंचकर भव्य सभा में तब्दील हुई। यहां मजदूर नेताओं ने प्रसिद्ध मजदूर नेता शंकर गुहानियोगी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### पावरहाउस स्टेशन पर दी श्रमिकों व परिजनों ने दिवंगत 17 मजदूरों को भावभीनी श्रद्धांजलि







### सभा में मजदूरों के हक के लिए संघर्ष तेज करने की ऐलान

नियोगी चौक पर हुई सभा को संबोधित करते हुए मजदूर नेताओं प्रदेश सहित देश के मजदूरों पर कुठाराघात बंद करने, नियोगी ही हत्या की दोबारा जांच की मांग और केंद्र सरकार की मजदूर व जनविरोधी नीतियों के विरोध में संघर्ष करने पर जोर दिया। सभा को छमुमो के श्री बागड़े, जनकलाल ठाकुर, सुकलाल साहू, कलादास डहरिया, सोमनाथ उइके, भुवन साहू, सुशांत कुमार, जयप्रकाश मनोज कोसरे गैंदसिंग ठाकुर व बृजेंद्र तिवारी आदि ने संबोधित किया। मजदूर नेताओं ने कहा कि जायज मांगों को लेकर आंदोलित मजदूरों पर पुलिसिया गोलीचालन में शहीद हुए मजदूर साथियों के शहीद दिवस मनाकर मजदूरों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष करने का संकल्प दोहरा रहे हैं। हमारे आंदोलन को समाप्त करने हमारे नेता नियोगी की हत्या कराई गई लेकिन आज भी छमुमो व संघर्ष जारी है। जबकि हत्या कराने वाले उद्योगपतियों की हालत बद से बदतर हो गई है। छमुमो नेताओं ने कहा कि बीएसपी के 20 हजार ठेका मजदूरों जीआर इंटरप्राइजेस ठेकेदार द्वारा हर माह 5, से 6 हजार रुपए वेतन से वापस मांगे जा रहे हैं, नहीं देने पर काम से निकल दिए जाने की धमकी दी जाती है। ठेकेदार व अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करेंगे। सभा के पूर्व पीएम व सीएम के नाम कलेक्टर के प्रतिनिधि को ज्ञापन देकर लेबर कोड को वापस लेने व निजीकरण और मजदूरों व किसानों शोषण बंद करने की मांग की गई।

### नियोगी व मजदूरों की हत्या बाद भी संघर्ष जारी : जनकलाल, बागड़े





छमुमो के अध्यक्ष व दल्ली राजहरा के पूर्व विधायक वयोवृद्ध मजदूर नेता जनकलाल ठाकुर ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि मजदूरों के हितों के लिए लड़ने वाले हमारे प्रिय नेता शंकर गुहानियोगी व 17 मजदूरों की हत्या और सरकार के हर जुल्म के बाद भी शोषित मजदूरों के लिए हमारा संघर्ष व संगठन आज भी जिंदा है। शोषण सिर्फ राज्य में नहीं बल्कि पूरे देश में मोदी सरकार मजदूरों किसानों, छात्रों और आम जनता पर जुल्म कर रही है। श्रमसंहिताओं में संशोधन कर मजदूरों का भविष्य अंधकारमय किया जा रहा है और महिला कर्मियों के लिए नाइट शिफ्ट अनिवार्य किया जा रहा है। नीट का पेपर लीक होने से बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं और सरकार जांच के नाम पर लीपापोती कर रही है। एक ओर मंहगाई से आम आदमी जी नहीं पा रहा है वहीं दूसरी ओर राममंदिर में चौकीदारों की पहरेदारी में चोरी हो रही है। उन्होंने कहा कि आमजनों व मेहनतकशों के खिलाफ जारी देशव्यापी आंदोलन का हम समर्थन करते हैं। छमुमो नेता भीमराव बागड़े ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की नीतियां मजदूर विरोधी हैं । निजीकरण से हजारों मजदूर सड़क पर आ रहे हैं। छमुमो समन्वय समिति नियोगी के आदर्श को जिंदा रख हर जनआंदोलन के साथ है।

## बिजली दर वृद्धि के विरोध में कलेक्ट्रेट में मीटर तोड़कर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने 1 जुलाई 2026 से लागू 6.23 प्रतिशत बिजली दर वृद्धि के विरोध में बुधवार को दुर्ग कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रतीकात्मक रूप से बिजली का मीटर तोड़कर सरकार के फैसले का विरोध जताया और बढ़ी हुई बिजली दर तत्काल वापस लेने की मांग की।

- 6.23% बिजली दर बढ़ोतरी वापस लेने की मांग

प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी से घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों, छोटे व्यापारियों, मजदूरों, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन में अग्रणी राज्यों में शामिल है। इसके बावजूद लगातार बिजली महंगी होना सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े करता है। दुर्ग जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने बताया कि प्रदेश में लगातार तीसरे वर्ष बिजली दरों में वृद्धि की गई है। वर्ष 2024 में 8.35 प्रतिशत, 2025 में 1.89 प्रतिशत और 2026 में 6.23 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। तीन वर्षों में कुल वृद्धि 16.47 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद बिजली आपूर्ति, ट्रिपिंग और उपभोक्ता सेवाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। पार्टी नेताओं ने यह भी कहा कि विद्युत नियामक आयोग के टैरिफ आदेशों के अनुसार औसत बिलिंग दर 2024-25 में 6.92 रुपये प्रति यूनिट से बढ़कर 2026-27 में 7.13 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। उनका कहना है कि यदि बिजली कंपनी वित्तीय संकट में है तो उसके कारणों की स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए। पार्टी नेता मेहरबान सिंह ने सरकार से बिजली वितरण में तकनीकी एवं वाणिज्यिक नुकसान, बड़े बकायेदारों से वसूली, बिजली चोरी रोकने के प्रयास और वित्तीय अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। वैशाली नगर संगठन मंत्री बलविंदर सिंह ने स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतों का उल्लेख करते हुए कहा कि अधिक बिल, रीडिंग में गड़बड़ी और बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने स्मार्ट मीटरों की स्वतंत्र तृतीय-पक्ष तकनीकी जांच कराने और प्रभावित उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि 6.23 प्रतिशत बिजली दर वृद्धि तत्काल वापस ली जाए, बिजली कंपनी के वित्तीय घाटे की स्वतंत्र जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, बड़े बकायेदारों से वसूली सुनिश्चित की जाए, स्मार्ट मीटरों की तकनीकी जांच कराई जाए।

# सेक्टर-9 अस्पताल में यूनियन मरीजों को कर रही जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण के प्रयासों के खिलाफ संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा जनसंपर्क अभियान के दूसरे दिन आज मंगलवार को यूनियन की टीम ने सेक्टर 9 अस्पताल में ओपीडी और कैंटीन का दौरा कर इलाज कराने आए मरीजों व उनके परिजनों को अस्पताल को निजी हाथों में सौंपे जाने से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया और मुहिम में साथ मांगा।

- निजीकरण के खिलाफ संयुक्त यूनियन ने जनसंपर्क अभियान के दूसरे दिन अस्पताल के मरीजों व परिजनों को किया जागरूक

पर्चा वितरित करते हुए बताया कि आज जिस तरह सेक्टर9 अस्पताल की सुविधाओं में लगातार कटौती की जा रही है, उससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या प्रबंधन अब सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के मुफ्त इलाज को अपने ऊपर बोझ मानने लगा है ? जिन्होंने दशकों तक संयंत्र के निर्माण और विकास में अपना जीवन लगाया, उनके स्वास्थ्य अधिकारों की अनदेखी किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

इंटक, सीटू, एटक, एमएमएस, एक्टू स्टील वर्कर्स यूनियन नेताओं ने कहा कि सभी सेक्टरों के हेल्थ सेंटरों की बदहाली के लिए प्रबंधन जिम्मेदारहै। कुछ साल पूर्व तक सभी हेल्थ सेंटरों में सामान्य बीमारियों का प्रभावी उपचार उपलब्ध था लेकिन आज स्थिति यह है कि सर्दी, खांसी, जुकाम जैसी सामान्य बीमारी के लिए भी मरीजों को सेक्टर-9 अस्पताल जाना पड़ता है। इससे अस्पताल पर अनावश्यक दबाव बढ़ रहा है और मरीजों को भी घंटों इंतजार करना पड़ता है। अधिकतर हेल्थ सेंटर बंद कर दिए गए हैं। यदि हेल्थ सेंटरों को पहले की तरह सशक्त बनाकर रखा गया होता और वहां पर्याप्त दवाइयों एवं चिकित्सकों की व्यवस्था होती, तो मरीजों को राहत मिलती तथा सेक्टर 9 अस्पताल पर भार भी कम होता ।



### करें पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति

यूनियन नेताओं ने लोगों को से कहा कि प्रबंधन से पूछें कि अस्पताल की सबसे बड़ी समस्या संसाधनों की नहीं, बल्कि पर्याप्त चिकित्सकों, नर्सों, तकनीशियनों और अन्य कर्मचारियों की कमी है। यदि आवश्यक संख्या में स्टाफ की नियुक्ति कर दी जाए तो सेक्टर-9 अस्पताल आज भी अपनी पुरानी प्रतिष्ठा हासिल कर सकता है। यह अस्पताल चिकित्सा सुविधाओं, विशेषज्ञ डॉक्टरों और अनुभव के आधार पर फिर से छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल बनने की पूरी क्षमता रखता है।आधुनिक उपकरण आज भी सेक्टर-9 अस्पताल की सबसे बड़ी ताकत हैं। इस अस्पताल में उपलब्ध अनेक आधुनिक चिकित्सा उपकरण छत्तीसगढ़ के कई बड़े निजी एवं सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध नहीं हैं। इन संसाधनों का बेहतर उपयोग तभी संभव है जब पर्याप्त विशेषज्ञ और तकनीकी कर्मचारी उपलब्ध हों।

### अस्पताल को बचाना जनता की जिम्मेदारी

जन संपर्क मुहिम के दौरान यूनियन नेताओं ने मांग की कि सेक्टर-9 अस्पताल को कमजोर करने या निजीकरण करने बजाय उसे सशक्त बनाने की आवश्यकता है। अस्पताल पर किया गया खर्च कोई बोझ नहीं, बल्कि उन श्रमिकों के प्रति सम्मान है जिन्होंने देश के औद्योगिक विकास में अपना योगदान दिया है।संयुक्त ट्रेड यूनियन ने लोगों से अपील की कि यदि समय रहते सेवानिवृत्त कर्मी, उनके परिवार और आम नागरिक एकजुट होकर संघर्ष नहीं करेंगे तो सेक्टर 9 अस्पताल को बचाना कठिन हो जाएगा। सेक्टर-9 अस्पताल को मजबूत बनाने और उसके सार्वजनिक स्वरूप को बनाए चल रहे आंदोलन में सक्रिय भाग लें।

# देवी-देवताओं के कथित अपमान पर हिन्दू युवा मंच का प्रदर्शन, कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सोशल मीडिया पर हिन्दू देवी-देवताओं का कथित आपत्तिजनक एआई वीडियो प्रसारित किए जाने के विरोध में बुधवार को हिन्दू युवा मंच (छत्तीसगढ़) ने पटेल चौक, दुर्ग में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगठन का आरोप है कि फेसबुक पेज पर प्रसारित एक एआई निर्मित वीडियो में हिन्दू देवी-देवताओं को आपत्तिजनक एवं मजाकिया ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में वीडियो बनाने और प्रसारित करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने तथा संबंधित सामग्री को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने की मांग की गई है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक एवं विधिसम्मत तरीके से विरोध प्रदर्शन और धरना जारी रखा जाएगा। यह प्रदर्शन हिन्दू युवा मंच के प्रदेश संयोजक गोविंद राज नायडू, महामंत्री राजेश शर्मा एवं अध्यक्ष कुमार नायर के निर्देश पर कार्यक्रम प्रभारी जय देवांगन के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

- सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित एआई वीडियो की जांच




## आयुक्त ने स्थानीय पार्षद के साथ स्मृति नगर वार्ड का किया निरीक्षण

# स्मृति नगर वार्ड में अवैध प्लाटिंग, आयुक्त ने दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत साफ-सफाई, अवैध प्लाटिंग, नाला सफाई सहित अन्य कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया। उपस्थित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करने निर्देशित किये हैं। वार्ड में ही कुछ अवैध प्लाटिंग कर नागरिकों को बेच दिया गया है। खरीदीकर्ताओं द्वारा निर्माण भी किया जा रहा है, उन अवैध प्लाटिंगकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

### वार्डों में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

निगम आयुक्त पांडेय, पार्षद मुकेश कुमार अग्रवाल के उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 2 स्मृति नगर के वार्डो का जायजा लिया। वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किये और सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने कहा गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को स्वच्छ वातावरण मिले। बरसात में अधिक वर्षा होने से निचली जगहो पर जलभराव हो जाता है, जिससे नागरिको को परेशानी होती है, ऐसे डूबान क्षेत्र के समस्या को सुधार कराने निर्देशित किये हैं। समीपस्थ बरसात से पूर्व बड़े नाला की सफाई कराने कहा गया है, जिससे बरसात का पानी न रूके। स्मृति नगर में कुछ माह पूर्व नाली निर्माण किया गया है, जो अव्यवस्थित हो गया है संबंधित के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने कहा गया है।

### आनंद नगर में बनेगी नई नाली

आनंद नगर में नया नाली निर्माण कराने के आदेश दिया गया है, जिससे नागरिको को सुविधा मिले। आयुक्त ने सड़कों का जायजा लिया। कुछ स्थल में सड़क संधारण की आवश्यकता है, संधारण कराने निर्देशित किया गया है। स्मृति नगर में स्थानीय नागरिको द्वारा अपने घरो के सामने नाली के उपर ढलाई कर वाहन पार्किंग के लिए संरचना बनाया गया है, जिससे नालियों की सफाई में रूकावट हो रही है। उन सभी नालियों के उपर से ढलाई हटाकर सफाई कराने कहा गया है। आयुक्त ने पुष्पक नगर स्थित मार्केट का अवलोकन किये और नाली, सड़क की सफाई कराने कहा गया है साथ ही पेवर ब्लाक को व्यवस्थित करने निर्देशित किये हैं। स्मृति नगर तालाब के सामने बड़ा नाला है, जिसकी साफ-सफाई कराने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त दिनेश कोसरिया, उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### नियमित साफ-सफाई और बस्तियों में जमी गंदगी के त्वरित उठाव की मांग

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत आने वाले वार्ड 29 वृन्दा नगर के महिलाओं ने बुनियादी सुविधाओं की कमी और गंदगी को लेकर आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय पहुंचकर आयुक्त और मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान स्थानीय महिलाओं का साथ देने पहुंचे आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह और वार्ड अध्यक्ष बलविंदर सिंह ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। आप नेताओं ने कहा कि वार्ड 29 के नागरिक लंबे समय से बुनियादी अधिकारों के लिए तरस रहे हैं। क्षेत्र में सड़क और नालियों का निर्माण कार्य न होने से स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल महिलाओं और स्थानीय निवासियों ने सरसा देवी सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में अधिकारियों को बताया कि वार्ड में नियमित साफ-सफाई न होने से बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं।





# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02



निस्वार्थ सेवा के केंद्र भिलाई को दादियां...


लाइव इवेंट

## वट वृक्ष की पूजा कर दीर्घायु की कामना महिलाओं ने एक-दूसरे की ओली भरी



**भिलाई।** वैशाली नगर महिला मंडल द्वारा वट सावित्री व्रत एवं वट पूर्णिमा का पर्व बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने वट वृक्ष अर्थात बरगद के वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाया और गेहूं तथा ऋतु फल आम से आपस में ओली भरी। सभी ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दीं और बड़ों का आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। नवीन उज्वल महिला महाराष्ट्र मंडल की अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बताया कि महाराष्ट्र में यह व्रत पूर्णिमा को किया जाता है। वट वृक्ष की पूजा में ऋतु फल आम एवं गेहूं चढ़ाकर प्रार्थना की जाती है। उन्होंने कहा कि यह व्रत सावित्री ने अपने पति सत्यवान की लंबी आयु एवं अपने पुत्रों के लिए किया था। तभी से महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर उपवास करती हैं। वट वृक्ष की आयु लंबी होती है, उसी तरह परिवार में सभी सदस्यों की दीर्घ आयु के लिए प्रार्थना की जाती है। उर्मिला कावले ने उपस्थित सभी सदस्यों को इस पर्व पर आर्शिवाद देते हुए उन्होंने व्रत के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उर्मिला कावले, नीलू लिमेश, राखी साहू, तारा कावले, कुसुम बारापात्रे, लीना बारापात्रे, शुभांगी बारापात्रे, प्रगति पाराधी, भारती नंदनवार, सुषमा ठोसर, चैताली डेकाटे सहित अन्य महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। सभी ने सामूहिक रूप से वट वृक्ष की परिक्रमा की और सुख-समृद्धि की कामना की।



लाइव इवेंट

## गणवेश वितरण कर बच्चों का हुआ शाला प्रवेश, आदर्श नागरिक बनने का संदेश




**भिलाई।** संकुल केन्द्र सेमरिया विकासखंड धमधा, जिला दुर्ग में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ऊषा सोनवानी, जनपद पंचायत सदस्य राजेश कुमार साहू, सरपंच पुष्पलता बंजारे, ओनी महिलांग, उपसरपंच सतबोधी दानी बंजारे और उपसरपंच विजय बघेल पेंड्रीतराई उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना द्वारा की गई। मंच संचालन प्रधान पाठक खिलेंद्र कुमार बघेल कोकड़ी ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए संकुल शैक्षिक समन्वयक सूर्यकान्त हरदेल ने शिक्षा के महत्व, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें नैतिक, व्यवहारिक एवं सामाजिक मूल्यों से युक्त आदर्श नागरिक बनने का संदेश दिया। बालवाड़ी, कक्षा पहली, छठवीं एवं नौवीं के विद्यार्थियों का पुष्पमाला पहनाकर, तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया और निःशुल्क गणवेश वितरित किए गए। संकुल शैक्षिक समन्वयक सूर्यकान्त हरदेल द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को स्टेशनरी उपहार स्वरूप भेंट की गई। मुख्य अतिथि ऊषा सोनवानी ने संकुल के सभी विद्यार्थियों को फल, बिस्किट एवं मिठाई वितरित कर भव्य न्योता भोज का आयोजन कराया। वहीं ग्राम पंचायत सेमरिया की सरपंच पुष्पलता बंजारे द्वारा सभी बच्चों के लिए खीर-पूड़ी सहित स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक सावित्री महिलांग, प्रधान पाठक संतोष कुमार मनहर एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर को प्रतीक चिन्ह और उपहार भेंट कर विदाई दी गई, साथ ही सभी अतिथियों का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। संकुल प्राचार्य किरण सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पालकों, एसएमसी एवं एसएमडीसी अध्यक्षों एवं सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ऊषा सोनवानी, राजेश कुमार साहू, ओनी महिलांग, पुष्पलता बंजारे, सतबोधी दानी बंजारे, विजय बघेल, किरण सिंह, सूर्यकान्त हरदेल, मिताली दास, कुलवंतीन चेलक, दीप्ति किरण तिर्की, थानसिंह चुरेन्द्र, खिलेंद्र कुमार बघेल, संगीता पाटिल, रमेश कुमार ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता मोहित बंजारे, एसएमसी एवं एसएमडीसी के अध्यक्ष एवं सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, रेडक्रॉस के विद्यार्थी और संकुल के काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

करियर काउंसिलर ने अभिभावकों को दी सलाह, मोबाइल जरूरत है उसे नशा न बनाए, भविष्य बनेगा सुरक्षित

# रुचि के अनुसार करियर चुनें, विशेषज्ञ बोले- सही मार्गदर्शन से ही मिलेगी सफलता, काउंसलिंग समय की जरुरत

जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सही समय पर उचित करियर का चयन बेहद जरूरी है। अक्सर देखा जाता है कि विद्यार्थी और उनके अभिभावक करियर चयन को लेकर असमंजस में रहते हैं। सही मार्गदर्शन के अभाव में कई छात्र ऐसी दिशा चुन लेते हैं, जो आगे चलकर तनाव, असंतोष और असफलता का कारण बनती है। आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा जीवन में सफल बने, लेकिन सफलता तभी संभव है, जब बच्चे की रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के अनुरूप करियर का चयन किया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों की करियर काउंसलिंग समय की जरूरत बन गई है। काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता और मानसिक स्तर को समझकर उन्हें सही दिशा दी जा सकती है। कई बार अभिभावक अपनी इच्छाएं बच्चों पर थोप देते हैं, जिससे बच्चे अपनी पसंद का क्षेत्र नहीं चुन पाते और बाद में परेशान होते हैं।



### सोच-समझकर करें क्षेत्र का चयन

करियर काउंसलर व मोटीवेशलन गुरु डॉ संतोष राय ने बताया कि 10वीं और 12वीं के बाद लिया गया निर्णय विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करता है। इसलिए इस समय विषयों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर क्षेत्र में रोजगार और बेहतर अवसर उपलब्ध हैं। सफलता केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनने तक सीमित नहीं है। कॉमर्स, आर्ट्स, कृषि, मीडिया, डिजाइनिंग, खेल, संगीत, आईटी, होटल मैनेजमेंट समेत कई क्षेत्रों में युवाओं के लिए उज्ज्वल संभावनाएं मौजूद हैं। जरूरी यह है कि विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय और क्षेत्र का चयन करें। सही समय पर सही जानकारी और उचित मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं।

### करियर काउंसलिंग का लाभ लें

डॉ राय ने कहा कि जिस प्रकार बिना डॉक्टर की सलाह के दवाई नहीं ली जाती, उसी प्रकार बिना करियर काउंसलिंग के भविष्य का निर्णय लेना भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे में अलग प्रतिभा होती है, जिसे समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है। कई विद्यार्थी 10वीं के बाद दोस्तों या परिवार के दबाव में विषय चुन लेते हैं, लेकिन बाद में वे खुद को असहज महसूस करने लगते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को अपनी रुचि, पसंद और क्षमता के अनुसार ही विषयों का चयन करना चाहिए।

### एडमिशन से पहले संस्थान की सत्यता जानना जरूरी



डॉ. राय ने विशेष रुप से कहा कि अभिभावक बच्चों पर अपना फैसला न थोपें। बच्चों से खुलकर बात करें और उनकी रुचि को समझें। जिसके बाद बच्चें की इच्छानुसार और किसी भी एक्सपर्ट से राय लेकर समय-समय पर उनका मार्गदर्शन करते रहे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कॉलेज या इंन्टीट्यूट में एडमिशन से पहले उस संस्थान के सत्यता की जांच अवश्य करें, केवल गूगल या सोशल मीडिया में फोटो देखकर एडमिशन न कराएं। वहां के पासआउट स्टूडेंट से संपर्क कर फीडबैक जाने तो ही बच्चों को आगे करियर बनाने में सफलता मिलेगी।

### बच्चों की प्रतिभा को दें प्रोत्साहन

विशेषज्ञ कहते हैं कि मनोवैज्ञानिक परीक्षण बच्चों की प्रतिभा और रुचि पहचानने में काफी मददगार साबित होते हैं। इससे यह समझने में आसानी होती है कि बच्चा किस क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बच्चों की तुलना दूसरों से न करें, बल्कि उनकी क्षमता को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करें। करियर काउंसलिंग का उद्देश्य केवल नौकरी दिलाना नहीं, बल्कि बच्चों को आत्मविश्वासी, संतुलित और खुशहाल जीवन की दिशा देना भी है। सही मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। हर बच्चे में अलग प्रतिभा होती है।

### मोबाइल जरुरत है उसे नशा न बनाए

डॉ. राय ने अभिभावकों को भी सलाह देते हुए कहा कि बच्चों से पहले उनके माता-पिता को मोबाइल से दूरी बनानी होगी, तभी बच्चों को भी डांट पायेंगे। जिसके चलते आजकल बच्चों और अभिभावकों के बीच ठीक से बातें नही हो पाती, न ही बच्चें समय अभाव के कारण अपनी मन की बातें शेयर कर पाते है और ऐसे में जब करियर चुनाव की बात आती है तब परिवार या समाज के प्रेशर के कारण सुसाइड करने मजबूर हो जाते है। मोबाइल जरुरत है उसे नशा न बनाए।

आज तकनीक के इस युग में पारंपरिक के साथ-साथ नए करियर विकल्प भी तेजी से उभर रहे हैं। गेमिंग, एनीमेशन, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, फूड टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं हैं।

## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जून माह में 143 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें खदान क्षेत्र के 17 सदस्यों सहित 20 कार्यपालक व 106 गैर-कार्यपालक शामिल हैं।

कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। बीएसपी के कार्यकारी निदेशक प्रभारी व कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया और उन्हें स्वस्थ और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर ईडी प्रवीण निगम, पवन कुमार, प्रबीर कुमार सरकार, सीएमओ डॉ. विनीता द्विवेदी तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तुषार कांत उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने सभी के कार्यकाल में योगदान को सराहा। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के अनुभव बांटे।

### कर्मियों के भी योग को किया याद

भिलाई निवास में आयोजित समारोह में रिटायर होने वाले कर्मचारियों को भी विदाई दी गई। कार्यकारी निदेशक प्रभारी अजय कुमार चक्रवर्ती, जीएम जेएन ठाकुर और डीजीएम राजेंद्र प्रसाद तथा जीएम राजीव कुमार ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

## रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) के चार कार्मिकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक एनके खरे ने इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रदुमन सिंह, रोहित कुमार साहू, श्रवण कुमार कश्यप और जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट सन्नी दीपक कुल्लू को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता, उत्पादकता एवं कार्यकुशलता के नए मानक स्थापित करने का आह्वान किया। जीएम अरविन्द टंडन, आरके राजधर, एमके साहू, अजय वर्मा, डीजीएम अभिलाष गुप्ता सहित वरिष्ठ प्रबंधक अनुराधा साहा, सहायक प्रबंधक ईतवारी राम चैलक, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी जसबीर सिंह, राजेश बाबू तथा भुवन लाल साहू आदि उपस्थित थे।



जयदीप, प्रियांक, अमान खिलाड़ी के रूप में, कृष्णा साहू कोच बनकर जाएंगे; 4 जुलाई को मुंबई से होगा रवाना

कार्नर न्यूज

# दक्षिण अफ्रीका में दम दिखाएंगे छत्तीसगढ़ के पॉवर लिफ्टर, भारतीय टीम में 4 प्रतिनिधियों का हुआ चयन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है कि 4 से 13 जुलाई 2026 तक दक्षिण अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम शहर में आयोजित होने वाली ए शि या पै सि फि क अ फ्री का अंतरराष्ट्रीय महिला एवं पुरुष पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भारतीय टीम के लिए राज्य के चार प्रतिनिधियों का चयन किया गया है। भारतीय दल में कुल 15 खिलाड़ी, एक कोच एवं एक मैनेजर शामिल हैं। पावरलिफ्टिंग इंडिया द्वारा भारतीय टीम में खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जयदीप साहू, भिलाई इस्पात संयंत्र के वार्ड खिलाड़ी, प्रियांक मिश्रा एवं अमान शुक्ला, भिलाई इस्पात संयंत्र के नॉन वार्ड खिलाड़ी का चयन हुआ है। वहीं कोच के रूप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, विक्रम, गुंडाधुर एवं वीर हनुमान सिंह खेल सम्मान से सम्मानित भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक श्री कृष्णा साहू को चुना गया है।




### पहली बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

जयदीप साहू, प्रियांक मिश्रा एवं अमान शुक्ला पहली बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए विदेश की धरती पर अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वहीं कृष्णा साहू खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अंतरराष्ट्रीय निर्णायक के रूप में अपना 33वां अंतरराष्ट्रीय दायित्व निभाएंगे। भारतीय टीम के कोच कृष्णा साहू ने बताया कि पॉवर जिम, सेक्टर-6, भिलाई में खिलाड़ियों को अत्यंत कठिन एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि खिलाड़ियों की वर्तमान तैयारी और प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर देश एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेगी।

भारतीय दल के चयन पर छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा सहित मुख्य संरक्षक जी. सुरेश, बाबे, संरक्षक इंद्रजीत सिंह, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित राजेन्द्र प्रसाद, वीरेंद्र सत्पथी, बी.एल. चंदवानी, संतोष देवांगन, एवन जैन, संतोषी माझी, राजीव पांडे, गुंडाधुर अवार्डी, राजेंद्र सिंह यादव, तुलसी सोनी, त्रिलोक सिंह, नामदेव साहू, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. सी.एस. कुरुप, ए.के. चौधरी, ए नागभूषण, अशोक पिल्ले, रघु कुमार, विक्रमजीत सिंह, प्रशांत मिश्रा, महेश पटेल, बी.एम. ठाकुर, विजय तातोड़े, सूरिंदर सूरी, राज वासनिक, जे. भुवनेश्वर राव, आसिफ अली खान, सी. दुर्योधन, नस्कर टंडन, पीयूष टंडन, अभिषेक टंडन, रंजीत तंडी, पिंटू साहू, सागर गुप्ता, रामचंद्र साहू सहित अनेक पावरलिफ्टरों एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राज्य मंत्री राकेश पांडेय, सांसद विजय बघेल, राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, प्रेम प्रकाश पांडेय, मनीष पांडेय, श्री पुरुषोत्तम देवांगन, चिन्ना केशवलु, लक्ष्मीपति राजू, विधायक देवेंद्र यादव तथा महापौर नीरज पाल, रश्मि सिंह, तुलसी साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी शुभकामनाएं दी हैं।भारतीय दल 4 जुलाई को मुंबई से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होगा। इस दल में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के साथ देश के विभिन्न राज्यों के कुल 12 खिलाड़ी शामिल रहेंगे।





## सिटी इवेंट

### एक्टिविटी किट पाकर खिले बच्चों के चेहरे, बच्चों को बांटी किट



भिलाई। नोबैक्टो फाउंडेशन ने रुआबांधा बस्ती के आंगनबाड़ी क्रमांक 9 में शिविर का आयोजन किया। इस दौरान बस्ती के 50 बच्चों को सीधे तौर पर लाभान्वित किया गया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों की शिक्षा और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए फाउंडेशन द्वारा सभी 50 बच्चों को एक्टिविटी किट वितरित की गई जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। दंत चिकित्सक डॉ. मीनल द्वारा सभी बच्चों का निशुल्क डेंटल चेकअप किया गया। डॉ. मीनल ने बच्चों को दांतों की सही देखभाल के तरीके सिखाए और फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक बच्चे को एक पर्सनल डेंटल हाइजीन किट भी उपहार स्वरूप प्रदान की। नोबैक्टो फाउंडेशन के डायरेक्टर्स, मयंक साटकर और डॉ. यीशु प्रसाद बंछोर ने बताया कि संस्था का मूल मंत्र नोबल एक्शन्स (नेक कार्य) है। उनका उद्देश्य केवल संसाधन उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और खेलों के माध्यम से एक उज्वल भविष्य की दिशा दिखाना है।

## धर्म लाइव

### लोगों ने लिया स्वास्थ्य शिविर का लाभ, याद किए करबला के शहीद



**भिलाई।** अलमदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रक्त दान शिविर एवं दंत परीक्षण, नेत्र परीक्षण और सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मुस्लिम कम्युनिटी हॉल सेक्टर-6 में आयोजन किया गया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी दी और निःशुल्क स्वास्थय शिविर में परीक्षण करवाया। सोसाइटी की ओर से स्वास्थ्य शिविर के बाद शाम 5 बजे से औरतों की लिए तकरीर रखी गई थी। जिसमें आलिमा गुल निशा ने करबला के शहीदों का बयान किया गया। अल मदद सोसाइटी की डायरेक्टर अंजुम अली ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर और तकरीर के बाद फातिहा ख्वानी हुई और आखिर में खिचड़ा तकसीम किया गया।

इस आयोजन में बैतुलमाल कमेटी, इकरा टीचर्स एसोसिएशन, अंजुमन हुसैनिया, सीटीबी फाउंडेशन, हजरत बीबी फातिमा जोहरा कमेटी के ओहदेदारों के साथ सैयद जमशेद अली एजीएम बीएसपी, सीजीटी फाउंडेशन के प्रमुख आरिफ अशरफी, हुसैन, बैतुलमाल कमेटी से अब्दुल हफीज़, अलीम सिद्दीकी एवं सैयद बाबा की भागीदारी रही। वहीं पूरे आयोजन को सफल बनाने में अलमदद सोसाइटी से कौसर खान, शाहीन खान, लीना तज़नीम, कैसर इकबाल, शीरिन कुरैशी, दिलशाद, साबरा, दरख्शां अंजुम, नीलोफर, रुखसाना सिद्दीकी, समीना खान, रुबिना, तहमीना, डॉक्टर अमरीन, सैयद निसार, शमीमुद्दीन, दानिश कुरैशी, अब्दुल शमी, शादाब, आरिफ खान, शौकत इकबाल, तौहीद अली सिद्दीकी, अशरफ अली और अलीमुद्दीन का प्रमुख योगदान रहा।

## समाज इवेंट

### नवनिर्मित कबीर सत्संग भवन का लोकार्पण, समाज को मिलेगी नई दिशा



**भिलाई।** रिसाली के सरस्वती कुंज (पूर्व) स्थित नवनिर्मित कबीर सत्संग भवन का लोकार्पण सांसद विजय बघेल के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भूमि दाता मोहनलाल साहू एवं श्रीमती साहू तथा संस्था के अध्यक्ष महंत अंतराम साहब विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में चंद्रभूषण साहू, डॉ. कामता राम साहू, कबीर साहू, भीखम साहू, मोहनलाल साहू, पुनीत दास साहू, बीरबल दास साहू, डॉ. रामकिशुन, राम सेवक वर्मा, अजीत बहादुर सिंह, बी.के. विसेन, शशि साहू, उषा साहू, पार्षद डॉ. सीमा साहू और रुक्मणी साहू सहित बड़ी संख्या में कबीर पंथ के श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने भजन और सत्संग का लाभ उठाया। सांसद विजय बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि रिसाली में कबीर सत्संग भवन का निर्माण पूरे क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि महंत अंतराम साहब और कबीर पूर्णिमा समिति के माध्यम से यहां नियमित रूप से आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे समाज को नई दिशा मिलेगी। महंत अंतराम ने अपने प्रवचन में कहा कि संत कबीर साहिब विश्व के महानतम संतों में से एक हैं। उनके विचार आज भी मानवता, समानता और सद्भाव का संदेश देते हैं। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार साहू ने किया।

● राजस्थान के कोटा के ब्रह्माकुमारी सदस्यों को शिव शक्ति बनने दिया संदेश

# निस्वार्थ सेवा के केंद्र भिलाई को दादियां कहती हैं 'भलाई', कोटा के बीके दलों ने सीखा सेवा का पाठ

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर-7 स्थित राजयोग भवन में मंगलवार को राजस्थान के कोटा शहर से ब्रह्माकुमारी सदस्यों का दल एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रवास पर पहुंचा। दल का नेतृत्व वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी कर रही थीं। भिलाई सेवा केंद्रों में सभी सदस्यों का तिलक और पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान बीके उर्मिला ने कहा कि माउंट आबू में भिलाई को भलाई के नाम संबोधित किया जाता है। भिलाई की बीके आशा ने कहा कि शिव शक्ति बनकर अपनी त्याग-तपस्या द्वारा निर्बल आत्माओं में शक्तियों का संचार करना है। विषम परिस्थितियों का सामना करने उन्हें एक्स्ट्रा फोर्स चाहिए। आत्माओं को स्वयं में विशेष शक्ति भरकर उन्हें हाई जंप दिलाना है।





### भिलाई की सेवाएं आदर्श

बीके उर्मिलाब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने बताया कि संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय मधुबन आबू राज पर्वत में राजयोगिनी दादियों द्वारा भिलाई को 'भलाई' के नाम से संबोधित किया जाता है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण छत्तीसगढ़ की अथक सेवाएं हैं। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं का केंद्र बिंदु राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी की अथक निस्वार्थ सेवाएं हैं। उर्मिला दीदी ने कहा कि आशा दीदी का कुशल प्रशासन, निर्भय शक्ति स्वरूप स्थिति और मातृत्व पालना हम सभी के लिए आदर्श है।



### शिव शक्ति बनकर निर्बल आत्माओं को बल दो

बीके आशा भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कोटा से आए सदस्यों को संबोधित किया। आशा दीदी ने कहा कि शिव शक्ति बनकर अपनी त्याग-तपस्या द्वारा निर्बल आत्माओं में शक्तियों का संचार करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में निर्बल आत्माओं में इतनी शक्ति नहीं है जो विषम परिस्थितियों का सामना कर सकें। उन्हें एक्स्ट्रा फोर्स चाहिए। आप आत्माओं को स्वयं में विशेष शक्ति भरकर उन्हें हाई जंप दिलाना है। आशा दीदी ने आगे कहा कि परमात्मा से सच्चा बनकर शक्ति प्राप्त कर सर्व मनुष्य आत्माओं के प्रति निस्वार्थ शक्तियों के वरदाता बनो। रचता का प्रभाव रचना पर पड़ता है इसलिए वरदानी बनकर अपनी रचना को सर्व शक्तियों का वरदान दो। अभी इसी सर्विस की आवश्यकता है।

### इंदौर जोन की पांच बहनों में शामिल हैं आशा दीदी

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी भिलाई सेवा केंद्रों की प्रमुख होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, राजस्थान को मिलाकर बने इंदौर जोन की प्रमुख पांच बहनों में से एक हैं। जोन की 5 हजार से अधिक समर्पित ब्रह्माकुमारी बहनों की अलौकिक मां के रूप में आप पालना के निमित्त हैं। साथ ही वे राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के इंजीनियरिंग विंग की चेयर पर्सन भी हैं। उम्र के इस पड़ाव में भी वे साल भर सक्रिय रूप से मुख्यालय मधुबन आबू राज पर्वत, जोन के सभी सेवा केंद्रों के आवश्यक कार्य और नए सेवा केंद्र के निर्माण-भूमिपूजन में सक्रिय भूमिका निभाती हैं। उनके नेतृत्व में ही प्रयागराज कुंभ एवं उज्जैन सिंहस्थ कुंभ में भिलाई सेवा केंद्र द्वारा चैतन्य देवियों की भव्य झांकी बनाई जाती है। इसके पूर्व में भी पुणे, पंजाब तथा पूरे भारत से यूथ विंग के 200 से अधिक युवाओं ने भिलाई सेवा केंद्र का भ्रमण कर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी की परमात्म शिक्षाओं को आत्मसात किया है।

## छत्तीसगढ़ धरोहर

### कृषक महिलाओं द्वारा सृजित कलात्मक धान का झालर डॉ. रमन को किया भेंट



भिलाई। छत्तीसगढ़ को 'धान का कटोरा' कहा जाना तब साकार होता है, जब कुर्मी किसानों की महिलाएं अपनी कलात्मकता और सृजनशीलता का परिचय देती हैं। धान की कटाई के समय ये महिलाएं नन्हीं चिड़िया गौरेया के लिए दाना-चुग्गा के रूप में धान का झालर बनाती हैं।

चौमासा के समय जब चारों ओर हरा-भरा पानी लबालब भरा होता है, पर चिड़ियों के चुगने के लिए अनाज का एक दाना भी नहीं होता, ऐसे समय में कृषक समुदाय की महिलाएं अपने घर की परछी पर इस धान के झालर को टांगती हैं। यह परंपरा गौरैया संरक्षण के साथ-साथ लोक कला का अनूठा उदाहरण है।इसकी कलात्मक स्वरूप की कृतियों को लोक संस्कृति कर्मी एवं जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को भेंट किया गया। राम कुमार वर्मा ने इसकी उत्कृष्टता, निरंतरता, उपयोगिता से परिचित कराते हुए ऐसी सृजनशील महिलाओं की कला को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने की पहल करने की अपील की है।इस तरह का झालर भारत में केवल छत्तीसगढ़ की कुर्मी, पारधी व अन्य कृषक महिलाओं द्वारा बनाया जाता है। अब यह झालर कलात्मक रूप से बहुत विकसित होकर अपने मूल स्वरूप से बिच्छी डाढ़ा, झुम्मर, लटकनी, मयूर, चटाई, त्रिकोण, चतुष्कोण आदि आकृतियों में सृजित किया जाने लगा है। हालांकि इसे लक्ष्मी पूजा के समय धन व लक्ष्मी के प्रतीक के रूप में भी रखा जाता है। शहरी क्षेत्रों में अब कक्षों की सजावट के लिए भी इसका प्रयोग होने लगा है। धान को मूलतः छत्तीसगढ़ में धन और लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। यह झालर केवल कला नहीं, बल्कि जैव विविधता और पक्षी संरक्षण का संदेश भी देता है।इस मौके पर सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली की जूनियर फैलोशिप प्राप्त भरथरी गायिका वंदना वर्मा, लोक चित्रकला प्रशिक्षिका वीणा वर्मा व ऐश्वर्या कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

## बैंक के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

### एसबीआई के 71वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर, 46 यूनिट रक्त संग्रहित




**भिलाई।** भारतीय स्टेट बैंक के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को सेक्टर-1 भिलाई शाखा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 46 यूनिट रक्तदान किया।

यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी, जिला चिकित्सालय दुर्ग के सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिंज तथा जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संतराम चुरेंद्र के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में भारतीय स्टेट बैंक सेक्टर-1 भिलाई के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार यादव, मानव संसाधन प्रबंधक सौरोदीप हालदार, मुख्य प्रबंधक वरुण शुक्ला, सुष्मिता बोस सहित बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य एवं जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप सिंह ठाकुर तथा रेडक्रॉस के मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर का विशेष योगदान रहा।

दोनों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया।शिविर में डॉ. विजय वर्मा, डॉ. वैष्णवी आडिल, काउंसलर टी.एस. एंथोनी, स्टाफ नर्स तरूणा रावत, ब्लड बैंक सुपरवाइजर रूपेश सर्पे, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, मधुसूदन देवांगन, भूपेश दिल्लीवार, तरुण महिलागें, हिमांशु चंद्राकर और अशोक मानिकपुरी सहित ब्लड बैंक की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं का सम्मान करते हुए उनके इस मानवीय योगदान की सराहना की गई। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है और समाज के अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभानी चाहिए।

## निर्मल ज्ञान मंदिर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में कबीर जयंती समारोह

# कबीर की वाणी से जीवन सार्थक बनाएं संतों ने आडंबर छोड़ने का दिया संदेश

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में 629वां कबीर जयंती समारोह श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन उपस्थित रहे। समारोह में संत कोमल साहेब बलौदा बाजार आश्रम, संत गीतेश साहेब, संत धनंजय साहेब, संत पंचम साहेब, संत शिवलाल साहेब, संत जुम्मन साहेब महंत, मंजीत अदब परमेश्वर साहेब, भूपत साहेब व साध्वी लक्ष्मी सहित छत्तीसगढ़ के अनेक कबीर आश्रमों से संत-महात्मा पधारे थे।



### कबीर वाणी को करें आत्मसात

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। इसके बाद बीजक पाठ, संध्या पाठ, भजन, सत्संग, प्रवचन और गुरु पूजा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रिकेश सेन ने कहा कि आज के समय में कबीर की वाणी को स्मरण कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिंतनशील समाज में कबीर के बताए मार्ग पर चलकर हम सामाजिक जीवन में उसे कैसे आत्मसात करें, इस पर ध्यान देना जरूरी है।



### सत्य के बिना मनुष्य का उद्धार नहीं हो सकता

संत महात्माओं ने कबीर की साखी और दोहों के माध्यम से बताया कि मानव जीवन में आडंबर, पाखंड और दिखावे से दूर रहकर गुरु के बताए मार्ग पर चलना ही उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य ही शाश्वत है, इसके बिना मनुष्य का उद्धार नहीं हो सकता। वक्ताओं के उद्बोधन के बाद चौका आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति के ट्रस्टीगण, प्रबंध कार्यकारिणी, महिला एवं युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों में डॉ हीरा लाल साहू, आत्मा राम साहू, गौकरण लाल साहू, विनोद साहू, दलजीत साहू, जीतेन्द्र साहू, के. पी. साहू, रामाधार साहू, डा. दीनदयाल साहू, टेक चंद साहू, अशोक साहू, विजय कांत दादर, उर्मिला साहू, प्रेमलता साहू, शीला हिरवानी, वेद प्रकाश साहू, प्रभा साहू के अलावा बड़ी संख्या में कबीर पंथी और धार्मिक प्रेमी शामिल हुए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### स्पेशल ओलंपिक्स के लिए छत्तीसगढ़ के सत्यांशु स्वीडन में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व



**रायपुर।** धमतरी जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित विशेष विद्यालय 'सार्थक स्कूल' के विशेष छात्र सत्यांशु दीप का चयन स्पेशल ओलंपिक्स भारत की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में हुआ है। सत्यांशु आगामी 12 से 16 जुलाई तक स्वीडन में आयोजित होने वाली स्पेशल ओलंपिक्स गोथिया ट्रॉफी 2026 अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सत्यांशु दीप की यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल धमतरी जिले, बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ के लिए बड़े गौरव का विषय है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और खेल कौशल का यह उत्कृष्ट उदाहरण यह साबित करता है कि यदि उचित प्रशिक्षण, प्रोत्साहन और अवसर मिले, तो वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का परचम लहरा सकते हैं। धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि यह सफलता सत्यांशु की कड़ी मेहनत, लगन और खेल के प्रति उनके अटूट समर्पण का परिणाम है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों ने सत्यांशु के उज्ज्वल भविष्य और आगामी मैचों में शानदार प्रदर्शन की कामना की है। इसके साथ ही उन्होंने सत्यांशु के माता-पिता को भी विशेष रूप से बधाई दी है, जिनके निरंतर सहयोग, अटूट विश्वास और संबल ने सत्यांशु को इस अंतर्राष्ट्रीय मुकाम तक पहुँचाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### नेशनल फर्स्ट 5 नेटबॉल में हिस्सा लिया छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने



**रायपुर।** नेटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा 5वीं सीनियर नेशनल फर्स्ट 5 प्रतियोगिता का आयोजन पुडुचेरी में किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला एवं पुरुष टीम ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर के पश्चात फाइनल सिलेक्शन ट्रायल लिया गया। ट्रायल में यो-यो टेस्ट 800 मीटर दौड़, 100 मी दौड़ एवं गेम की दक्षता को देखते हुए खिलाड़ी चयनित किए गए। छत्तीसगढ़ टीम में पुरुष वर्ग में कप्तान इमरान खान, एस मोहन राव, निलेश शर्मा, मनोज साहू,नमनदीप टंडन ,निहाल पांडे, देवेश धीवर, अमन भोई, सुनील धीतलहरे एवं देवेंद्र यादव, महिला वर्ग कप्तान मिशा कुमारी, हर्षिका उपाध्याय, शिफा खान, आरती चौहान, अलका शर्मा, अंशिका शर्मा, नेहा शाह, सृष्टि, खुशबू गुप्ता और गुनीता साहू शामिल थे। पुरुष वर्ग में कोच एवं मैनेजर अनूप यादव व प्रशांत जेकब को बनाया गया वहीं महिला वर्ग में कोच प्रकाश विश्वकर्मा एवं मैनेजर इंद्राणी बनी।

पुडुचेरी एमेच्योर नेटबॉल एसोसिएशन की ओर से 25 से 28 जून 2026 तक हुई प्रतियोगिता के सभी मैच पुडुचेरी के एमजी रोड पर स्थित बासवी इंटरनेशनल स्कूल में खेले गए। प्रतियोगिता में देश भर के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 700 से अधिक एथलीटों (पुरुष और महिला) ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में हरियाणा ने स्वर्ण पदक (पहला स्थान) हासिल किया, जबकि पुडुचेरी उपविजेता (दूसरा स्थान) रही। महिला वर्ग में पंजाब की टीम ने स्वर्ण पदक जीता और हरियाणा उपविजेता रही।

### इंडो-नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** नेपाल के पोखरा में आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रायगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। रायगढ़ किड्स ताइक्वांडो एकेडमी स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। इस उपलब्धि के बाद खिलाड़ियों ने रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। कहा कि 10 स्वर्ण पदक जीतना खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। श्री चौधरी ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और राष्ट्र गौरव का भी सशक्त आधार है।

## डायबिटीज वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती

# डायबिटीज के मरीजों को भूलकर भी नहीं करनी चाहिए ऐसी गलतियां, वरना सेहत पर दिखने लगेगा असर

डायबिटीज के मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसमें शरीर में ब्लड शुगर का लेवल अनियंत्रित हो जाता है। भारत में तो यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां लगभग 10 करोड़ लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं। जिन लोगों को डायबिटीज की शिकायत है उन्हें इस बीमारी को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने की जरूरत है। इसके लिए उन्हें संतुलित आहार लेना चाहिए, नियमित व्यायाम और एक सही जीवनशैली अपनाना चाहिए।

हालांकि अक्सर जाने-अनजाने में कुछ आम गलतियां हो जाती है जो ब्लड शुगर लेवल को अनियंत्रित कर सकती हैं और दीर्घकालिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं। ये गलतियां न केवल दवाइयों के प्रभाव को कम करती हैं, बल्कि जटिलताओं के खतरे को भी बढ़ा देती हैं। इसलिए मधुमेह प्रबंधन में इन गलतियों को समझना और उनसे बचना अत्यंत महत्वपूर्ण है।



### चीनी युक्त भोजन का अधिक सेवन

डायबिटीज रोगी अक्सर भोजन का समय मिठाइयां, कोल्ड ड्रिंक और प्रोसेस्ड फूड खा लेते हैं। यह ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ाता है। हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थ, जैसे सफेद चावल और मैदा खाने से बचें। इसके बजाय, जामुन, सेब, साबुत अनाज और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ खाएं। रोजाना एक निश्चित समय पर भोजन करें और छोटे-छोटे अंतराल में भोजन लें।

### व्यायाम की अनदेखी


नियमित व्यायाम डायबिटीज प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन कई लोग इसे नजरअंदाज करते हैं। बिना शारीरिक गतिविधि के ब्लड शगर लेवल बढ़ता है और इंसुलिन सेंसटिवीटी कम होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता का व्यायाम, जैसे तेज सैर या योग, करें। यह रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है और वजन प्रबंधन में मदद करता है।



### दवाओं या इंसुलिन का अनियमित सेवन

कुछ डायबिटीज रोगी दवाओं या इंसुलिन का समय पर सेवन नहीं करते, जो खतरनाक हो सकता है। यह हाइपोग्लाइसीमिया (कम शुगर) या हाइपरग्लाइसीमिया (उच्च शुगर) का कारण बनता है। हमेशा डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाएं लें और शुगर लेवल की नियमित जांच करें। यदि दवा का समय भूल जाएं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### तनाव और नींद की कमी




तनाव और अपर्याप्त नींद कोर्टिसोल हार्मोन को बढ़ाते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित करता है। डायबिटीज रोगी अक्सर तनाव और नींद की कमी को हल्के में लेते हैं, ये नुकसानदायक हो सकता है। रोजाना 7-8 घंटे की नींद लें और तनाव कम करने के लिए ध्यान, योग या गहरी सांस लें। स्क्रीन टाइम कम करें और सोने से पहले शांत वातावरण बनाएं।

### बचाव

डायबिटीज रोगी नियमित भोजन, व्यायाम, दवाओं का समय पर सेवन और तनाव प्रबंधन पर ध्यान दें। डाइट में जामुन, पपीता और हरी सब्जियां शामिल करें। रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं और तले-भुने खाद्य पदार्थों से बचें। नियमित रक्त शर्करा जांच और डॉक्टर की सलाह लें। यदि लक्षण जैसे थकान, बार-बार पेशाब या चक्कर आएं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# मिलावट को कहें बाय-बाय, घर पर आसानी से बनाएं शुद्ध देसी घी



सेहत के लिए देसी घी का सेवन काफी अच्छा माना जाता है। डॉक्टर भी बड़ों से लेकर बच्चों तक को घी खाने की सलाह देते हैं, क्योंकि ये शरीर की कई परेशानियों को दूर करने का काम करता है। आपको घर पर देसी घी बनाने की विधि के बारे में जरूर जानना चाहिए।

### घर पर देसी घी बनाने का सामान

घर पर यदि आप बिना मिलावट वाला घी तैयार करना है, तो उसके लिए आपको सिर्फ दो चीजों की जरूरत होती है। इसमें एक है कम से कम आधा किलो मलाई और ठंडा पानी। इन दोनों चीजों की मदद से आप घर पर घी तैयार कर सकते हैं।

**विधि:** अब जानते हैं कि ये घी कैसे बनता है। तो इसके लिए सबसे पहले तो कम से कम 15 दिन तक आपको मलाई जमा करनी है। ध्यान रखें कि ये मलाई ज्यादा पुरानी न हो। इसे फ्रिज में ही जमा करके रखें। जब ये इकट्ठा हो जाए तो बारी आती है घी बनाने की। घी बनाने से पहले थोड़ी देर पहले इसे फ्रिज से निकालकर बाहर रख दें।

इसके बाद मलाई को एक बड़े से गहरे बर्तन में डाल लें। अब इसे मथनी से मथकर मक्खन निकालें। यदि मथनी चलाना नहीं आता है तो मिक्सी में डालकर ब्लैंड करें। इसमें थोड़ा-थोड़ा ठंडा पानी डालें और लगातार चलाएं। कुछ मिनट में मक्खन ऊपर तैरने लगेगा और नीचे मट्ठा (छाछ) रह जाएगा। अब मक्खन को छानकर अलग निकाल लें।

इसके बाद बारी आती है मक्खन से घी बनाने की तो उसके लिए एक भारी तले वाली कढ़ाई या गहरे बर्तन में मक्खन डालें और धीमी आंच पर पकाना शुरू करें। इस दौरान धीरे-धीरे मक्खन पिघलने लगेगा और झाग बनने लगेगा।

कुछ देर में झाग कम होने लगेगा और नीचे हल्के भूरे रंग के कण दिखेंगे। इसे बीच-बीच में चलाते रहें। जब ये भूरे कण पूरी तरह से नीचे हो जाएंगे, तो ऊपर पारदर्शी घी दिखने लगेगा. जब ये पूरीतरह से ट्रांसपेरेंट हो जाए तो मतलब आपका बिना मिलावट वाला घी तैयार है। इसे कांच के एयर कंटेनर में स्टोर करें।

# घर के किस कोने में लगाएं कामधेनु गाय की तस्वीर



कहा जाता है कि कामधेनु गाय की तस्वीर को घर पर लगाना शुभ होता है। आप अगर घर में कामधेनु गाय को रखते हैं, तो इससे घर में बरकत बनी रहेगी। लेकिन इस बार आप इसे घर में रखने की बजाए घर की दीवार पर लगाएं। इससे आपके घर में सकारात्मकता बनी रहती है। पंडित जन्मेश द्विवेदी से जानते हैं इनकी तस्वीर को घर की किस दिशा में लगानी चाहिए।

### घर के इस कोने में लगाएं कामधेनु गाय की तस्वीर

आपके घर में सकारात्मकता बनी रहे। इसके लिए आप कामधेनु गाय को उत्तर पूर्व दिशा में इस तस्वीर को लगाएं। घर की यह सबसे ज्यादा पवित्र दिशा मानी जाती है। यह दिशा भगवान शिव और देवताओं से जुड़ी होती है। कामधेनु गाय की तस्वीर या मूर्ति यहीं लगाने से घर में धन और शांति का वास होता है।

### पूजा के घर में लगाएं कामधेनु गाय की तस्वीर

अगर आपके घर में अलग से पूजा का घर है, तो उसकी उत्तर या पूर्व की दीवार पर कामधेनु की तस्वीर लगा सकते हैं। इससे पूजा का प्रभाव बढ़ता है और धार्मिक ऊर्जा मजबूत होती है। साथ ही, आपके रुके हुए कार्य भी आसानी से हो जाएंगे। इसलिए आप मंदिर की इस दीवार पर कामधेनु गाय की तस्वीर को जरूर लगवाएं।




### 11वीं मिनीगोल्फ राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक

**रायपुर।** मिनीगोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन तथा मिनीगोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 11वीं मिनीगोल्फ राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन 25 से 30 जून तक श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी, नया रायपुर में हुआ।

पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दावड़ा यूनिवर्सिटी के सी ई ओ चिन्मय दावड़ा ने की। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता व अन्य खिलाड़ियों-टीम को सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के परिणाम में स्ट्रोक इवेंट में पुरुष वर्ग टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस इवेंट में साकेत गुप्ता,भूपेंद्र प्रसाद, एस के साहू,जयेश तिवारी,विशाल पोपट और मेहुल साहू शामिल थे। द्वितीय स्थान पर महाराष्ट्र की टीम रही। इन्हें रजत पदक मिला। इस टीम में शेख सिकंदर,आयुष,कौशिक सोनवाने, प्रीतम चौधरी,प्रशांत देशमुख और आनंद सुलाखे शामिल थे। इसी तरह से तीसरे स्थान पर मध्य प्रदेश की टीम रही जिसे कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इस टीम में सचिन चौधरी अमित गिरी ,रोशन शाह,सिद्धार्थ और शौर्य वर्धन शामिल थे। महिला वर्ग टीम इवेंट में प्रथम स्थान पर महाराष्ट्र की टीम रही जिन्हें स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। इस टीम में पीयूषिका थोरात,ज्योति किर्दक,प्रांजलि,खुशी गायकवाड़ और सुषमा विश्वकर्मा शामिल थे। दूसरे स्थान पर मेजबान टीम छत्तीसगढ़ रही। जिसमें प्रदेश टीम में किंजल पोपट,वंदना मिंज ,प्रियंका, मनुप्रिया, छलक यादव और सीमा यादव शामिल रही। तीसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल टीम रही जिसे कांस्य पदक हासिल हुआ। इसमें मीनाक्षी झा, ऋषिका पॉल, बिस्वास अशी सेनगुप्ता,आशिका खातून,रुख़्सार इस्लाम खिलाड़ी के रूप में शामिल थे। स्ट्रोक पुरुष वर्ग के सिंगल इवेंट में प्रथम अंशुमन शर्मा स्वर्ण पदक ( छत्तीसगढ़) द्वितीय सचिन चौधरी रजत पदक (मध्यप्रदेश) और तृतीय संवर्त कांस्य पदक (उत्तर प्रदेश) रहे।

डबल इवेंट में प्रथम चुनमुन व प्रीतम स्वर्ण पदक (छत्तीसगढ़) , द्वितीय योगेश व महिंद्रा (राजस्थान), तृतीय आर जोथीश व एम कुमारन (तमिलनाडु) रहे। महिला वर्ग के सिंगल स्ट्रोक इवेंट में प्रथम अंजली स्वर्ण पदक (उत्तराखंड) द्वितीय रजत पदक ज्योति किर्दक (महाराष्ट्र) और तृतीय शिवानी सोनी कांस्य (छत्तीसगढ़) रहे। डबल इवेंट में प्रथम सप्तर्षि योतिकार व वैदेही प्रथम स्वर्ण पदक (महाराष्ट्र) द्वितीय राजीव व सिमरन रजत पदक (मध्यप्रदेश) तृतीय रोहिणी व शिप्रा कांस्य पदक ( हरियाणा) रहे। स्पीड इवेंट पुरुष वर्ग टीम इवेंट में आयोजित इस स्पर्धा प्रथम स्थान पर महाराष्ट्र की टीम विजयी रही जिन्हें स्वर्ण पदक दिया गया। इस टीम में आयुष ,सौरभ,लिखित चौधरी,रोहित चौधरी,कौशिक सोनवाने और आनंद सुलाखे शामिल थे। दूसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ की टीम रही जिन्हें रजत पदक मिला। प्रदेश की इस टीम में दुर्गेश,लोकेश्वर,निखिल, बृजदेव , नशीष और अनिरुद्ध शामिल थे। तीसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल की टीम रही जिन्हें कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इस टीम में रॉनी बिस्वास, सृजन घोष,तरुण,आशीष,प्रियम और कृष्णेंदु शामिल थे। स्पीड इवेंट की महिला वर्ग में महाराष्ट्र की टीम प्रथम स्थान हासिल की। इन्हें स्वर्ण पदक से नवाजा गया।

इस टीम में तनिष्का,लक्ष्मी,साहसनी,अनुष्का, श्रनाया और संस्कृति शामिल रही। द्वितीय स्थान पर मध्यप्रदेश की टीम रही जिसे रजत पदक मिला ।इस टीम में कनक यादव, चेतना राउत सानिया खान,माही राठौड़,चेतना मालवीय,चंचल शामिल थी। तीसरे स्थान पर दिल्ली की टीम रही इन्हें कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इस टीम में रिया, हिमालया, अंशिका,खुशी, चित्रा और गौरी शामिल थी। स्पीड इवेंट के सिंगल इवेंट पुरुष वर्ग में प्रथम रोहित यादव स्वर्ण पदक (छत्तीसगढ़) द्वितीय भारत तिवारी (उत्तरप्रदेश) लवण कांस्य पदक (केरल), डबल इवेंट में प्रथम जयंत कुमार व संजय कुमार स्वर्ण पदक ( राजस्थान) द्वितीय प्रकाश व कपिल रजत पदक (हिमाचल प्रदेश) तृतीय मिन्दर व विशाल कांस्य पदक ( दिल्ली) शामिल हैं।



## कार्नर न्यूज

## केंद्र सरकार ने बताए हैं साइबर सुरक्षा के तरीके

# फोन और लैपटॉप को साइबर अटैक से बचाना बड़ी चुनौती, फ्री के 3 सेफ्टी टूल्स फटाफट कर लें इंस्टॉल

साइबर अटैक दिन पर दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। एक तरफ लोगों के पासवर्ड तक लीक हो रहे हैं। ऐसे में आपके डिवाइस और डाटा की सिक्योरिटी के लिए सरकार ने कुछ सुरक्षा टूल्स सुझाए हैं। इनकी मदद से आप अपने डिवाइस को सुरक्षित रख सकते हैं।

ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अटैक आजकल बहुत ज्यादा बढ़ चुके हैं। ऐसे में हर वक्त डाटा लीक होने का खतरा बना रहता है। अगर गलती से किसी ने आपका लैपटॉप या फोन हैक कर लिया, तो आपकी मेहनत की कमाई से लेकर प्राइवेट चीजें तक सबकुछ लीक हो सकता है। साइबर अटैक जैसी घटनाएं काफी ज्यादा बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में सरकार ने एक जरूर कदम उठाया है। भारत सरकार ने साइबर अटैक के खतरे को कम करने के लिए कुछ सुरक्षा टूल्स की जानकारी साझा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से साइबर अटैक्स पर रोकथाम के लिए ऐसे सुरक्षा टूल्स की जानकारी साझा की गई है, जो आपके डिवाइस को सुरक्षित रख सकते हैं। आइए जानें, सरकार ने साइबर सुरक्षा के लिए कौन-से टूल्स की जानकारी शेयर की है?

लैपटॉप केलिए सुझाए ये एंटीवायरस

सरकार ने आपके विंडोज लैपटॉप को वायरस और बॉट्स से बचाने के लिए 3 एंटीवायरस सॉफ्टवेयर्स का सुझाव दिया है। इन्हें इंस्टॉल करके आप भी अपने डिवाइस को सुरक्षित रख सकते हैं। ये टूल्स मालवेयर और अन्य साइबर खतरों को रोकते हैं। इनमें के 7 सिक्योरिटी, ई-स्कैन एंटी वायरस और क्विक हील शामिल है। अगर आप एंड्रॉयड फोन इस्तेमाल करते हैं और अपने डिवाइस को साइबर हमले से बचाना चाहते हैं, तो आपको ई-स्कैन एंटीवायरस मोबाइल वर्शन और एम कवच ऐप्स के बारे में जरूर पता होना चाहिए। इनमें ई-स्कैन एंटीवायरस मोबाइल वर्शन खतरनाक बॉट्स और वायरस की पहचान करके उन्हें आपके फोन से हटाने का काम करता है।

वहीं एम कवच-2 ई ऐप में आपके फोन को एंटी-थेफ्ट, ऐप ब्लॉकिंग, डेटा सिक्योरिटी और संदिग्ध लिंक से बचाने के लिए कई तरह के शानदार फीचर्स हैं। इस ऐप को सी-डैक हैदराबाद द्वारा मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया है।



### डिवाइस सेफ्टी टूल्स क्यों जरूरी हैं?

आजकल के साइबर क्राइम का लेवल देखते हुए, केवल पासवर्ड बदलने और एंटीवायरस इंस्टॉल करने से कुछ नहीं होगा। इससे आपके डिवाइस की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। ऐसे में आप भरोसेमंद और सरकारी स्तर पर प्रमाणित इन टूल्स को आराम से यूज कर सकते हैं। इससे आपकी सुरक्षा बनी रहेगी।

### अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें

साइबर अपराधियों द्वारा आपके डेटा तक पहुँच प्राप्त करने का सबसे आम तरीका आपके कर्मचारियों के माध्यम से है। वे आपके संगठन में किसी व्यक्ति का प्रतिरूपण करके धोखाधड़ी वाले ईमेल भेजेंगे और या तो व्यक्तिगत विवरण मांगेंगे या कुछ फ़ाइलों तक पहुँच मांगेंगे। लिंक अक्सर अप्रशिक्षित नज़र से वैध लगते हैं और जाल में फंसना आसान होता है। यही कारण है कि कर्मचारी जागरूकता महत्वपूर्ण है।

साइबर हमलों और सभी प्रकार के डेटा उल्लंघनों से सुरक्षा के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है अपने कर्मचारियों को साइबर हमले की रोकथाम के बारे में प्रशिक्षित करना और उन्हें वर्तमान साइबर हमलों के बारे में जानकारी देना।

### उन्हें ज़रूरत है

लिंक पर क्लिक करने से पहले उन्हें जांच लें प्राप्त ईमेल से ईमेल पते की जांच करें

संवेदनशील जानकारी भेजने से पहले सामान्य ज्ञान का उपयोग करें। अगर कोई अनुरोध अजीब लगता है, तो शायद वह अजीब है । "अनुरोध" पर कार्रवाई करने से पहले संबंधित व्यक्ति से फ़ोन कॉल करके जांच करना बेहतर है लीफ सभी आकार के संगठनों के लिए कस्टम साइबर जागरूकता प्रशिक्षण प्रदान कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें।अपने सॉफ्टवेयर और सिस्टम को पूरी तरह अद्यतन रखें ।

अक्सर साइबर हमले इसलिए होते हैं क्योंकि आपके सिस्टम या सॉफ़्टवेयर पूरी तरह से अपडेट नहीं होते हैं, जिससे कमज़ोरियाँ रह जाती हैं। इसलिए साइबर अपराधी आपके नेटवर्क तक पहुँच पाने के लिए इन कमज़ोरियों का फ़ायदा उठाते हैं। एक बार जब वे अंदर पहुँच जाते हैं - तो निवारक कार्रवाई करने में अक्सर बहुत देर हो जाती है।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### एवरेस्ट विजेता तेनजिंग पर बनेगी फिल्म, टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक निभाएंगे किरदार



टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक जल्द ही एक साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म एवरेस्ट के दिग्गज तेनजिंग नोर्गे की कहानी को पर्दे पर लाएगी। माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे।

इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।

तेनजिंग नोर्गे की भूमिका अभिनेता गेंडन फुंट्सोक निभाएंगे, जोकि एक नेपाली-भारतीय शेरपा पर्वतारोही के रूप में नजर आएंगे। एडमंड हिलेरी की भूमिका में हॉलीवुड स्टार टॉम हिडलस्टन नजर आएंगे। इन दोनों के अलावा फिल्म में विलेम डैफो, कैट्रिओना बाल्फे, तेनजिन डल्हा और थिनले ल्हामो नजर आएंगे।

तेनजिंग नोर्गे की पत्नी और अभियान की सचिव जिल हेंडरसन मिलकर ब्रिटिश क्लाइंबिंग टीम के लीडर कर्नल जॉन हंट को इस बात के लिए मनाती हैं कि तेनजिंग को केवल एक मददगार के रूप में नहीं, बल्कि टीम के एक मुख्य सदस्य के तौर पर शामिल किया जाए।

## टॉलीवुड

### 'करुप्पु' की कामयाबी के बाद सूर्या को मिली नई मूवी, होम्बले फिल्म्स ने किया एलान



साउथ के सुपरस्टार सूर्या अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। वह होम्बले फिल्म्स के साथ काम करेंगे। इस प्रोडक्शन हाउस ने 'केजीएफ' और 'कांतारा' जैसी फिल्में बनाई हैं। साउथ के बेहतरीन अभिनेता सूर्या अपनी फिल्म 'करुप्पु' की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इस बीच उन्हें एक और फिल्म मिली है। होम्बले फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर अपने अगले महत्वाकांक्षी सिनेमाई प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। इसमें सूर्या अहम रोल में होंगे। उनके साथ एक्ट्रेस कायाडू लोहार होंगी। होम्बले फिल्म्स ने पहले 'केजीएफ', 'कांतारा' और 'सालार' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुका है। फिल्म में साई अभ्यंकर का म्यूजिक होगा, एस. आर. काथिर सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे, के. काथिर प्रोडक्शन डिजाइन करेंगे और एडिटिंग फिलोमिन राज की होगी। इस नए सफर की ऑफिशियल शुरुआत 29 जून को चेन्नई के पार्क हयात होटल में एक भव्य मुहूर्त पूजा के साथ हुई। इस खास मौके पर फिल्म के एक्टर्स, क्रू मेंबर्स और फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े चेहरे शामिल हुए। इसके साथ ही भारतीय सिनेमा के इस सबसे बड़े और धमाकेदार प्रोजेक्ट का आगाज हो चुका है। एक बेमिसाल एक्टर, एक उभरती हुई एक्ट्रेस, एक विजनरी डायरेक्टर और कमाल की फिल्में बनाने वाला प्रोडक्शन हाउस, ये सब जब एक साथ आए हैं, तो यकीनन कुछ ऐसा बनने जा रहा है जो हर पीढ़ी के दर्शकों को हमेशा याद रहेगा।

भारतीय सिनेमा के सबसे चहेते और बड़े सितारों में से एक, सूर्या ने दो दशकों से भी ज्यादा समय से अपनी दमदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीता है। दो नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स और सात फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ अपने नाम कर चुके सूर्या ने हमेशा कमर्शियल सक्सेस और क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्मों के बीच एक बेहतरीन बैलेंस बनाकर रखा है।

## भोजपुरी

### आत्मा बन लिया बदला, खौफनाक हॉरर फिल्म आज भी सुपरहिट



भोजपुरी की ऐसी हॉरर फिल्म बनी जिसने 9 साल पहले रिलीज होने पर बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया था। फिल्म की कहानी से लेकर हॉरर और ट्विस्ट खूब पसंद किए गए। इसे बंपर ओपनिंग मिली थी। फिल्म में पाखी हेगड़े और अरविंद अकेला कल्लू लीड रोल में थे।

हॉरर फिल्में हमेशा से दर्शकों की पसंदीदा रही हैं। भले ही इनकी कहानी घिसी-पिटी क्यों न हो, लेकिन अचानक होने वाली घटनाओं और बैकग्राउंड म्यूजिक की वजह से ये फिल्में दर्शकों को बुरी तरह डरा देती हैं। हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक हॉरर फिल्में रही हैं, जिन्हें देख दर्शकों की घिग्घी बंध गई और पसीने छूट गए। हॉलीवुड में तो कुछ ऐसी भी हॉरर फिल्में रहीं, जिन्हें हद से ज्यादा हिंसा, क्रूरता और खौफनाक सीन्स के कारण बैन कर दिया गया था। वैसे भोजपुरी भी हॉरर फिल्मों के चस्के से अछूता नहीं रहा। इस इंडस्ट्री में भी कई दमदार हॉरर फिल्में बनी हैं। यहां आपको भोजपुरी की एक ऐसी ही हॉरर फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसमें पाखी हेगड़े और अरविंद अकेला कल्लू लीड रोल में थे, और यह भोजपुरी की सुपरहिट हॉरर फिल्म रही। इस फिल्म का नाम है 'बलमा बिहार वाला 2'। पाखी हेगड़े और अरविंद अकेला कल्लू स्टारर यह फिल्म भोजपुरी इंडस्ट्री की हिट हॉरर फिल्मों में से एक है। इसे साल 2016 में बिहार और मुंबई में एक साथ रिलीज किया गया था। इसमें पाखी हेगड़े की एक्टिंग को खूब सराहा गया था।

## बालों की नुमाइश

लंबे और खुले बालों का फैशन आजकल मिनिमलिस्ट और एफर्टलेस लुक पर आधारित है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैशन डिजाइनर अपने कलेक्शन में तमाम डिजाइनों के बीच खुले और लंबे बालों को तरजीह दे रहे हैं। जिसमें बालों को प्राकृतिक रूप से लहराते हुए या स्लीक सीधा रखकर खुला छोड़ा जाता है। ट्रेंड में सबसे आगे सॉफ्ट कर्ल्स, क्लासिक स्ट्रेट लुक, और हाफ-अप हेयरस्टाइल शामिल हैं।



लाइफ स्टाइल

# बादाम से आप भी चेहरे को बना सकती हैं खूबसूरत

अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती है और स्किन प्रॉब्लम से बचना चाहती है, तो ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं इस खास होममेड बादाम स्क्रब को घर पर बनाकर ट्राई कर सकती हैं। मानसून के सीजन में अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती है और स्किन प्रॉब्लम से बचना चाहती है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से होममेड बादाम स्क्रब के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप अपने चेहरे पर जमी गंदगी को कम कर सकती हैं।

### बादाम का इस्तेमाल कर बनाएं स्क्रब

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि अधिकतर महिलाएं चेहरे पर होने वाली टैनिंग और पिंपल्स जैसी परेशानियों का सामना करती है, लेकिन अब आप बादाम का इस्तेमाल कर घर पर स्क्रब तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी। इनमें बादाम ,सफेद तिल ,एसेंस ऑयल और जैस्मीन ऑयल शामिल हैं।

### बादाम से स्क्रब बनाने का तरीका

अगर आप भी घर पर बादाम का इस्तेमाल कर स्क्रब बनाना चाहती हैं, तो सोने से पहले रात में 5 से 6 बादाम और थोड़ी सफेद तिल को एक पानी में भिगोकर रख दें। दूसरे दिन सुबह आप पानी के अलग कर बादाम और तिल को जार में डाल दें। अब आप इसे मिक्सर या ब्लेंडर



की मदद से पीसकर पेस्ट बना ले। बादाम से बने इस पेस्ट के अंदर आप एसेंस ऑयल डाल सकती हैं। आप चाहे तो जैस्मीन ऑयल भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह चेहरे के लिए बेस्ट फायदेमंद होता है।

अगर आप बॉडी की टैनिंग हटाना चाहती है, तो इस स्क्रब को बॉडी पर 10 मिनट के लिए लगाकर रखें। अगर आप इसे चेहरे के लिए इस्तेमाल कर रही है, तो 5 मिनट तक इसे लगाकर रखें। उसके बाद हल्के हाथों से चेहरे को रब करें। स्क्रब का आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती हैं। स्क्रब का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।अगर आपको किसी तरह की कोई एलर्जी होती है, तो डर्मेटोलॉजिस्ट या एक्सपर्ट की राय जरुर ले।

# कॉलेज जानें वाली लड़कियों के लिए बेस्ट हैं फ्रॉक पैटर्न



अगर आप सावन के महीने में पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप कम खर्च में खूबसूरत फ्रॉक पैटर्न कुर्ती ट्राई कर सकती है।



कॉलेज जाने वाली अधिकतर लड़कियों के मन में हमेशा आउटफिट को लेकर कन्फ्यूजन बना रहता है। रोजाना एक जैसे कपड़े पहनकर जाने से कुछ लड़कियों को शर्मिंदगी महसूस हो सकती है। ऐसे में अगर आप सावन के महीने में पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप कम खर्च में खूबसूरत फ्रॉक पैटर्न कुर्ती ट्राई कर सकती है।

पिंक कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती

सावन के महीने में आप अपने कॉलेज में इस खूबसूरत पिंक कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती को ट्राई कर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आपको ऑनलाइन मिल जाएगी या आप बाजार से कपड़ा लेकर टेलर की मदद से इसे बनवा भी सकती है। इस कुर्ती के साथ आप वाइट कलर का प्लाजो या पैंट शामिल कर सकती है।



### व्हाइट कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती

यही नहीं अगर आप सावन सोमवार के दिन अपने कॉलेज में डिफरेंट लुक क्रिएट कर जाना चाहती है, तो पेंट, जींस या प्लाजो के साथ इस खूबसूरत व्हाइट कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी। इसके साथ आप मेकअप और एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं।

### रेड कलर फ्लोरल प्रिंट शॉर्ट कुर्ती

सावन के महीने में अगर आप अपनी खूबसूरती से अपने दोस्तों को खुश करना चाहती है या कॉलेज में डिफरेंट लुक क्रिएट करना चाहती है, तो आप इस खूबसूरत रेड कलर फ्लोरल प्रिंट शॉर्ट कुर्ती को ट्राई कर सकती है। इस तरह की कुर्ती को आप बनवा सकती है ।

# खास बाजूबंद के डिजाइन आपकी खूबसूरती में लगा देंगे चार चांद

अगर आप सावन के महीने में आउटफिट के साथ कैसी एक्सेसरीज पहने इस बात को लेकर परेशान हैं, तो आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट बाजूबंद डिजाइन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं।

### फ्लोरल लटकन बाजूबंद डिजाइन

इस साल सावन के महीने को अगर आप यादगार बनाना चाहती हैं, तो किसी भी सोमवार के दिन पूजन के दौरान आप अपने साड़ी या सूट के साथ इस खूबसूरत फ्लोरल लटकन बाजूबंद डिजाइन को ट्राई कर सकती है। ऐसी आर्टिफिशियल डिजाइन आपको ऑनलाइन मिल जाएगी या आप गोल्ड में इसे बनवा भी सकती हैं।

### फ्लोरल चैन बाजूबंद

यही नहीं अगर आप सावन के महीने में शिव अभिषेक के दौरान राजपूती पोशाक या लहंगा चोली पहन रही है, तो अब आप अपने आउटफिट को एलिगेंट टच देने के लिए इस



खूबसूरत फ्लोरल चैन बाजूबंद को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह का बाजूबंद आपको रॉयल और क्लासी टच देने में मदद करेगा।

### मोर डिजाइन बाजूबंद

यही नहीं इन दोनों मोर डिजाइन वाले बाजूबंद भी बेहद चर्चा में है। अधिकतर महिलाओं को मोर वाली डिजाइन के बाजूबंद खूब पसंद आते हैं। ऐसे में आप इस साल सावन के महीने में पूजन के दौरान अपने आउटफिट के साथ इस खूबसूरत मोर डिजाइन वाले बाजूबंद को ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

# पसीने की बदबू दूर करने घर पर बनाएं नेचुरल डिओडोरेंट और दिनभर रहें फ्रेश

बारिश का मौसम बहुत अच्छा लगता है, लेकिन इस दौरान नमी और उमस भी बढ़ जाती है। इसी उमस की वजह से हमें बहुत पसीना आता है और फिर पसीने से बदबू आने लगती है। ऐसे में महंगे परफ्यूम और डियोडोरेंट भी ज्यादा काम नहीं करते इसलिए, आज हम आपको घर पर ही नैचुरल डियोडोरेंट बनाने का तरीका बता रहे हैं।

### नैचुरल डियोडोरेंट क्यों बेहतर है?

घर पर बना नैचुरल डियोडोरेंट इस्तेमाल करने से न केवल बदबू से छुटकारा मिलता है, बल्कि यह आपकी स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। होममेड डियोडोरेंट में कोई केमिकल नहीं होता और यह ज्यादा देर तक असरदार रहता है। आप इसे सेंसिटिव स्किन पर भी लगा सकते हैं, इससे जलन नहीं होती। घर पर बना डियोडोरेंट सस्ता होता है और आप इसे बनाकर लंबे समय तक चला सकते हैं।

### बेकिंग सोडा और नारियल तेल का डियोडोरेंट

पसीने की बदबू दूर करने वाला बेकिंग सोडाः 2 बड़े चम्मच,पसीने को सोखने वाला कॉर्नस्टार्चः 2 बड़े चम्मच



स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए नारियल तेलः 3 बड़े चम्मच बैक्टीरिया मारने वाला टी ट्री ऑयलः 4–5 बूँदें हल्की और सुकून देने वाली ख़ुशबू के लिए लैवेंडर ऑयलः 4-5 बूंदें

**कैसे बनाएं:** सबसे पहले एक कांच की कटोरी में बेकिंग सोडा और कॉर्नस्टार्च मिलाएं। फिर, इसमें नारियल तेल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। तब तक मिलाते रहें जब तक यह क्रीमी न बन जाए। आखिर में टी ट्री ऑयल और लैवेंडर ऑयल मिलाएं। इसके बाद इसे एक छोटे डिब्बे या हवा-बंद जार में भरकर रखें।

कार्नर न्यूज

## बियर्ड ट्रिम करना हो तो बरतें सावधानी

# घर पर बियर्ड ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो इन टिप्स से लें मदद, खिल उठेगा आपका चेहरा


घर पर बियर्ड ट्रिमिंग करना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन ऐसा करते हुए इसमें गलतियां कर देना बड़ी बात है। कुछ गलतियां तो इतनी बड़ी होती हैं कि आपका लुक ही बिगाड़ देती हैं। इसलिए जरूरी है कि कुछ आम गलतियों को पहचान लिया जाए। पहचान लिया जाए कि कौन सी गलतियां लोग आमतौर पर करते हैं ताकि आप वो गलती बिल्कुल न करें और आपका बियर्ड लुक न बिगड़ें। कौन-कौन सी हैं बियर्ड ट्रिमिंग से जुड़ी गलतियां जान लेते हैं-

### ट्रिमिंग कब करें

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है।

### गर्दन और कलम के बाल

बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को



ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें।

### बहुत छोटी मूंछ

मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है।इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।

### होंठों के किनारे

मूंछें होंठों के किनारों पर अक्सर कम होती हैं। ट्रिम करते हुए इन बालों का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि अगर पूरी मूंछ एक जैसी ट्रिम करेंगे तो इन किनारों पर और भी छोटी हो जाएगी।इसलिए ट्रिम करते हुए इन बालों को समानुपात में ही काटें। वरना दाढ़ी के साथ इस जगह के बाल बहुत कम होंगे और बुरे भी लगेंगे।

### बियर्ड की सफाई

जिस तरह से सिर के बालों की सफाई न करने पर इसमें गंदगी जम जाती है, फिर बालों की क्वालिटी पर इसका असर पड़ता है। ठीक वैसे ही दाढ़ी के बालों की सफाई न करने पर इसमें गंदगी जम जाती है और फिर इसका असर भी दिखने लगता है। दाढ़ी पर तो कई बार खाना भी गिर सकता है। इसलिए दाढ़ी के बालों की सेटिंग और स्टाइल पर ध्यान देने के साथ इसकी सफाई पर भी ध्यान दें। इससे दाढ़ी नेचुरल तरह से बढ़ेगी और इसके बाल फ्रीजी भी नहीं होंगे।

